
www.tamsasanket.com
वर्ष: 29 || अंक 336 || अम्बेडकरनगर
मंगलवार
03 मार्च 2026 || पृष्ठ: 08 || मूल्य: ₹ 2
आज़ादी का अमृत महोत्सव
समूह संपादक- डॉ. ओ.पी. मिश्रा
https://epaper.tamsasanket.com

दैनिक
# तमसा संकेत
अम्बेडकर नगर व लखनऊ से एक साथ प्रकाशित

डॉ. लोहिया की जन्म भूमि से सर्वप्रथम प्रकाशित समाचार पत्र

मौसम
सूर्योदय: 06:30
सूर्यास्त: 06:08
अधिकतम: 32°00
न्यूनतम: 16°00



पेज 07

विशेष समाचार
युद्ध नहीं, शांति ही बदलती ... >> पेज 04
बेटे ने की मां-बाप बहन और ... >> पेज 06
अमेरिका, इजराइल ने अब हद ...

### पांडेयहाता में होने वाले कार्यक्रम में योगी का सवा क्विंटल फूलों की पंखुड़ियों से किया गया स्वागत

# होलिका दहन उत्सव

**उत्साह**

■ योगी बोले- रवि किशन तो नाच-गाकर कमा लेंगे, सांसद का जवाब- हमारे सीएम आए हैं, रंग बरसे भीगे चुनर वाली गाना ही बजाना





हेमन्त कृष्ण

तमसा संकेत, लखनऊ, गोरखपुर। सीएम योगी सोमवार को होलिका दहन उत्सव में शामिल होने गोरखपुर पहुंचे हैं। उनके पहुंचने पर लोगों ने जय श्रीराम के नारे लगाए। पांडेयहाता में होने वाले कार्यक्रम में योगी का सवा क्विंटल फूलों की पंखुड़ियों से स्वागत किया गया। सीएम के रास्ते में गुलाब की पंखुड़ियां बिछाई गईं। सीएम योगी ने भक्त प्रह्लाद और होलिका की आरती उतारी। इसके बाद योगी ने सांसद रवि किशन की चुटकी ली। कहा- रवि किशन तो कहीं भी नाच-गाकर पैसा कमा सकते हैं। लेकिन कालीबाड़ी वाले बाबा कहां से कमाएंगे? जब व्यापार होगा, तभी उनकी आय होगी। पहले दूर-दूर से लोग आते थे। लेकिन सब गालियां सकरी हो गईं तो व्यापार कम हो गया। विकास नीचे से ऊपर जाता है। इससे पहले सांसद रवि किशन ने कहा- हमारे सीएम जापान और सिंगापुर से डेढ़ लाख करोड़ लेकर आए हैं। हम डीजे वाले से कहेंगे कि अब तो सिर्फ रंग बरसे भीगे चुनर वाली गाना ही बजेगा।

>> (शेष पेज 06 पर)

> सीएम योगी ने कहा- उस समय हिरण्यकश्यप माफिया व आतंकवाद के रूप में रह होगा। भगवान विष्णु के नरसिंह अवतार ने उसका वध किया था। उस समय के समाज को सही दिशा दी थी। माफियागिरी जब भी होगी वे सभी हिरण्यकश्यप की तरह हैं। वे प्यार से नहीं मानेंगे क्योंकि लातों के भूत बातों से नहीं मानते।

### शोभायात्रा में शामिल हुए लोगों ने जताई खुशी

शोभायात्रा में शामिल हुए लोगों ने कहा- होली का पर्व है। सीएम योगी के नेतृत्व में यह त्योहार मनाया जाता है। इस कार्यक्रम को 100 साल पूरे हो गए है। इस शोभायात्रा में काफी लोग शामिल हुए।



### होली के गाने गाएं, अग्नि की पूजा करें, अश्लील गाने न हों- सीएम योगी

सीएम ने कहा- मैं प्रदेश वासियों से अपील करूंगा कि हम होलिका दहन के साथ अहंकार, नकारात्मकता, भ्रष्टाचार को जलाएं। होलिका दहन किसी के प्रतिष्ठान के सामने, घर के सामने नहीं होना चाहिए। उत्साह का आनद तभी होता है, जब हर व्यक्ति बिना किसी भय के आनंद ले सके। होली के गाने गाएं, अग्नि की पूजा करें। अश्लील गाने न हों। जब भी किसी गाने में अश्लीलता होती है, तो वह पतन की ओर के जाता है। कल विराम रहेगा क्योंकि देर रात से चंद्र ग्रहण लगेगा। होली 4 मार्च को होगी। केवल रंग का प्रयोग करें। जबरन किसी पर न डालें। केमिकल का प्रयोग न करें। होली का त्योहार के नाते ही कालीबाड़ी के बाबा व रवि किशन बैर भाव भुलाकर एक मंच पर आए।

### अब पूरे प्रदेश में उत्सव, पहले कर्फ्यू लगता था- योगी

योगी ने कहा- मैं जब आया तो कालीबाड़ी के बाबा से पूछा कि पाण्डेयहाता कहां है, उन्होंने बताया यही है। मुझे लगा कि कहीं ये डोसा खिलाने तो नहीं ले जा रहे। हालांकि उन्होंने कभी खिलाया नहीं। मैंने केवल सुना है। इस गलियारे से जो जाएगा गर्व का अनुभव करेगा। जिनको जगह नहीं मिल पाई उन्हें बंधु सिंह पार्क और नार्मल में दुकानें मिलेंगी। 2014 के पहले ये उत्सव नहीं मनाए जा सकते थे। उत्तर प्रदेश में त्योहार के पहले कर्फ्यू लगता था। अब पूरे प्रदेश में उत्सव है। बरसाना में जब होली थी, तो 10 लाख लोग आए थे। वहां सरकार केवल व्यवस्था देते हैं लोग खुद आते हैं। >> (शेष पेज 06 पर)

### सीएम ने रवि किशन की चुटकी ली

सीएम योगी ने कहा- रवि किशन तो कहीं नाच गाकर पैसा कमा सकते हैं, लेकिन कालीबाड़ी वाले बाबा कहां से कमाएंगे। जब व्यापार होगा तभी उनकी आय होगी। पहले दूर दूर से लोग आते थे। लेकिन सब गालियां सकरी हो गई तो व्यापार कम हो गया। विकास नीचे से ऊपर जाता है।

>> (शेष पेज 06 पर)

# सुप्रीम लीडर खामेनेई की पत्नी की भी मौत

अमेरिका और इजराइल ने शनिवार को तेहरान में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्लाह अली खामेनेई के ऑफिस पर हमला किया था।

## अमेरिका और इजराइल के हमले में घायल हुई थीं, इलाज के दौरान दम तोड़ा

**जंग**


तमसा संकेत, एजेंसी

तेल अवीव/तेहरान । इजराइल-अमेरिका और ईरान जंग का आज तीसरा दिन है। ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के 2 दिन बाद उनकी पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह का भी निधन हो गया है। मंसूरेह दो दिन पहले अमेरिका और इजराइल के हमले में घायल हुई थीं। इसी हमले में खामेनेई मारे गए थे। ईरान की सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि मंसूरेह ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। युद्ध के बीच अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड



ट्रम्प ने अपने पुराने सहयोगी ब्रिटेन पर नाराजगी जताई है। दरअसल ब्रिटिश पीएम कीर स्टार्मर ने अमेरिका को हिंद महासागर में मौजूद अपना मिलिट्री बेस डिएगो गॉर्सिया देने में देर की।

>> (शेष पेज 06 पर)



### ईरानी हमले से साइप्रस में ब्रिटिश मिलिट्री बेस को मामूली नुकसान

ईरान ने साइप्रस में ब्रिटिश रॉयल एयर फोर्स (RAF) के अक्रोटिरी बेस पर ड्रोन हमला किया है। ब्रिटेन के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, रविवार देर रात हुए इस हमले में बेस को मामूली नुकसान पहुंचा, लेकिन कोई हताहत नहीं हुआ।

इसके जवाब में ब्रिटिश सेना कार्रवाई कर रही है।

>> (शेष पेज 06 पर)

■ ईरान की सरकारी मीडिया ने पुष्टि की है कि देश के मृत सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की पत्नी मंसूरेह खोझस्तेह बघेरजादेह ने उन चोटों से आज दम तोड़ दिया, जो उन्हें हालिया संयुक्त अमेरिकी-इजराइली हवाई हमलों के दौरान लगी थीं।

### ईरान में 555 की मौत, 740 घायल

अल-जजीरा की रिपोर्ट के मुताबिक, अमेरिका और इजराइल ने मिलकर अब तक ईरान के 1000 से ज्यादा ठिकानों पर हमले किए हैं। इस दौरान शुरुआती 30 घंटे में 2000 से ज्यादा बम गिराए गए।

इनमें अब तक 555 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 700 से ज्यादा लोग घायल हुए हैं। एक स्कूल पर मिसाइल गिरने से 180 छात्राओं की मौत हो गई और 45 घायल हैं।

28 फरवरी को शुरू हुई इस लड़ाई के पहले दिन हुई बमबारी में ईरानी सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए थे। इसके अलावा रविवार को 3 अमेरिकी सैनिक मारे गए थे। ईरान के साथ जारी जंग में एक और अमेरिकी सैनिक की मौत हो गई है।

>> (शेष पेज 06 पर)

**फास्ट न्यूज**

### पंचायत चुनाव पर बड़ा फैसला लेगा राजस्थान का गांव

नागौर । राजस्थान का एक ऐसा गांव, जहां होली पर पूरा गांव इकट्ठा होता है। बुजुर्गों की अगुवाई में यहीं पर लिए जाते हैं सामाजिक सरोकार से जुड़े फैसले। ये फैसले पंच नहीं, बल्कि पूरा गांव मिलकर लेता है।

इलाज जांच

### नागपुर फैक्ट्री ब्लास्ट, 21 डॉयरेक्टर्स के खिलाफ केस

नागपुर (महाराष्ट्र)। महाराष्ट्र में नागपुर जिले के राउलगांव स्थित गोला-बारूद निर्माण कंपनी एसबीएल एनर्जी लिमिटेड में रविवार को हुए धमाके से घायल दो और लोगों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। इससे मृतकों की संख्या बढ़कर 19 हो गई है। उधर, पुलिस ने एसबीएल एनर्जी लिमिटेड के नौ डॉयरेक्टर्स को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने कंपनी के 21 डॉयरेक्टर्स और शेयरधारकों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस ने बताया कि 23 अन्य घायल श्रमिकों का यहां के अस्पतालों में इलाज चल रहा है।

### अवकाश की सूचना

**होली के शुभ अवसर पर 'तमसा संकेत' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।**

**03 मार्च 2026 से 04 मार्च 2026 तक होली के पर्व पर अवकाश के कारण तमसा संकेत कार्यालय बंद रहेगा।**

**अतः अगला अंक 06 मार्च 2026 शुक्रवार को प्रकाशित होगा।**

-संपादक

# शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को जमानत

## दिल्ली कोर्ट बोली- नारे भड़काऊ नहीं थे

**रिहाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । दिल्ली की पटियाला हाउस कोर्ट ने AI समिट में शर्टलेस विरोध प्रदर्शन के मामले में गिरफ्तार इंडियन यूथ कांग्रेस (IYC) के नौ कार्यकर्ताओं को सोमवार को जमानत दे दी है। कोर्ट ने कहा कि यह प्रदर्शन सिर्फ सरकार की आलोचना करने का तरीका था। इसलिए मुकदमा शुरू होने से पहले किसी को जेल में रखना कानून के मूल सिद्धांतों के खिलाफ होगा।

कोर्ट ने अपने फैसले में कहा कि प्रदर्शन के समय लगाए गए नारे भड़काऊ नहीं थे। उनमें कोई धार्मिक या क्षेत्रीय रंग नहीं था। किसी तरह




■ पुलिस शर्टलेस प्रदर्शन के बाद आरोपियों को गिरफ्तार कर ले गई थी।

की तोड़फोड़ या लोगों को डराने का भी कोई सबूत नहीं मिला। कोर्ट ने यह भी बताया कि प्रदर्शन करने वालों को सुरक्षा के साथ बाहर ले जाया गया था। कोर्ट ने कहा- आजादी अधिकार है और जेल केवल खास स्थिति में होनी चाहिए।

>> (शेष पेज 06 पर)

### महाराष्ट्र के पालघर में केमिकल-प्लांट से ओलियम गैस का रिसाव

पालघर । महाराष्ट्र के पालघर जिले में स्थित एक केमिकल प्लांट में सोमवार दोपहर करीब 2 बजे ओलियम गैस का रिसाव हुआ है। अधिकारियों ने बताया कि सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड, एनडीआरएफ और आपातकालीन की कई टीमें मौके पर पहुंचीं। रेस्क्यू टीमें प्लांट से गैस रिसाव रोकने की कोशिश में लगी हैं। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर इलाके से करीब 2600 लोगों को सुरक्षित जगहों पर शिफ्ट किया है। फिलहाल घटना में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं मिली है। पालघर के एसपी यतीश देशमुख ने बताया- बोइसर स्थित भगेरिया केमिकल्स कंपनी में सोमवार दोपहर 2 बजे ओलियम गैस लीक होने की सूचना मिली।

जिला प्रशासन और फायर ब्रिगेड गैस रिसाव को नियंत्रित करने के लिए ऑपरेशन चला रहे हैं।

### अभी उन्हें वोटर लिस्ट से बाहर किया, सत्ता में आने पर राज्य से बाहर करेंगे

# ममता ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बनाया : अमित शाह

**संबोधन**

तमसा संकेत, एजेंसी

कोलकाता । केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बंगाल में एक सभा में कहा कि राज्य की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बंगाल को घुसपैठियों का स्वर्ग बना दिया है। उन्होंने कहा कि एक बार BJP की सरकार बन जाए, तो हम बंगाल से हर घुसपैठिए की पहचान करके उसे निकाल देंगे।

शाह ने आगे कहा कि अभी वोटर रोल से सिर्फ घुसपैठियों के नाम हटाए जा रहे हैं, लेकिन पश्चिम



बंगाल में पार्टी के पूरी बहुमत के साथ सत्ता में आने पर उन्हें राज्य से बाहर कर देंगे। अमित शाह ने सोमवार को पश्चिम बंगाल के दक्षिण 24 परगना जिले में भारतीय जनता पार्टी (BJP) की परिवर्तन यात्रा को संबोधित करने के दैरान ये बातें कहीं।

>> (शेष पेज 06 पर)

### मार्च के दूसरे हफ्ते में बंगाल में चुनाव का ऐलान संभव

राज्य चुनाव आयोग ने कहा कि पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव की तारीखों का ऐलान मार्च के दूसरे हफ्ते में होने की संभावना है। चुनाव कितने फेज में होंगे, इस पर लगातार अंदाजा लगाया जा रहा है। अधिकारी ने कहा कि वोटिंग तीन फेज में हो सकती है। आयोग की पूरी बेंच पहले ही तमिलनाडु और असम का दौरा कर चुकी है, लेकिन अभी तक पश्चिम बंगाल का दौरा नहीं किया है।

### परिवर्तन यात्रा में 5000 किमी का सफर

परिवर्तन यात्रा 2026 के पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनावों से पहले एक बड़ा राज्यव्यापी कैंपेन है। यह 5,000 किमी से ज्यादा का सफर तय करेगा, जिसमें 63 बड़ी रैलियां और 282 छोटी सभाएं शामिल हैं।


इसका अंत कोलकाता के ब्रिगेड परेड ग्राउंड में एक बड़ी रैली में होगा, जिसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी संबोधित करेंगे। पार्टी सूत्रों ने कहा कि इस कैंपेन का टारगेट 1 करोड़ से ज्यादा सीधे नागरिकों से जुड़ना, बूथ-लेवल पर जुड़ाव और संगठनात्मक पहुंच को मज़बूत करना है।

**समझौता :** पीएम मोदी और कार्नी की मुलाकात के बाद करार, डिफेंस और एनर्जी सेक्टर में सहयोग करेंगे दोनों देश

# भारत को यूरेनियम देगा कनाडा

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली । प्रधानमंत्री मोदी और कनाडाई PM मार्क कार्नी के बीच सोमवार सुबह हैदराबाद हाउस में मुलाकात हुई। पीएम नरेंद्र मोदी ने कहा- भारत और कनाडा के बीच निवेश-ट्रेड डील पर बातचीत हुई है। सिविल न्यूक्लियर एनर्जी में, हमने यूरेनियम की दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए एक ऐतिहासिक समझौता किया है। दोनों देशों के बीच कई क्षेत्रों के लिए एमओयू किया गया है। इससे दोनों देशों में रोजगार के नए अवसर पैदा होंगे। इसके अलावा, हम छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों और उन्नत रिएक्टर प्रौद्योगिकियों के विकास पर सहयोग करेंगे। कृषि, कृषि प्रौद्योगिकी



■ प्रधानमंत्री मोदी ने नई दिल्ली स्थित हैदराबाद हाउस में कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की।

और खाद्य सुरक्षा में मूल्यवर्धन करना भी हमारे लक्ष्यों में शामिल है। पीएम ने पश्चिम एशिया में ईरान वार को लेकर कहा- पश्चिम एशिया में तनाव से भारत चिंतित है। >> (शेष पेज 06 पर)

> कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी का कहना है कि दोनों देशों के बीच कभी-कभी राजनीतिक मतभेद रहे हैं, लेकिन इसके बावजूद कनाडा भारत की तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था का भरोसेमंद साझेदार बना रहेगा।

### 10 साल का यूरेनियम सप्लाई समझौता

PM कार्नी के इस दौरे का सबसे बड़ा मकसद भारत-कनाडा के बीच 10 साल का यूरेनियम सप्लाई समझौता है। बताया जा रहा है कि यह डील करीब 3 अरब डॉलर की हो सकती है। कनाडा दुनिया का दूसरा सबसे बड़ा यूरेनियम उत्पादक देश है। भारत और कनाडा के बीच न्यूक्लियर कोऑपरेशन एग्रीमेंट 2013 में लागू हुआ था, जिसके बाद कनाडा ने भारत को यूरेनियम सप्लाई शुरू की थी। भारत अपने तेजी से बढ़ते परमाणु ऊर्जा क्षेत्र के लिए और अधिक यूरेनियम खरीदना चाहता है।



■ भारत के विदेश मंत्री एस जयशंकर ने सोमवार को कनाडा के प्रधानमंत्री मार्क कार्नी से मुलाकात की।

### भारत में निवेश को बढ़ावा दे रहा कनाडा

भारत इस समय दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती बड़ी अर्थव्यवस्थाओं में से एक है। कनाडा के सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, दोनों देशों के बीच सालाना व्यापार 21 अरब डॉलर से ज्यादा है। भारत में 600 से ज्यादा कनाडाई कंपनियां काम कर रही हैं।

>> (शेष पेज 06 पर)

# एआई जेनरेटेड सबूतों पर फैसला लेना बिल्कुल गलत : सुप्रीम कोर्ट

## इसका सीधा असर न्याय प्रक्रिया पर पड़ता है

**सुनवाई**

तमसा संकेत, एजेंसी

नई दिल्ली/विजयवाड़ा । सुप्रीम कोर्ट ने सोमवार आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट के फैसले के खिलाफ याचिका पर सुनवाई करते हुए कहा कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की मदद से बनाए गए सबूतों पर फैसला लिखना गलत काम है। कोर्ट ने कहा कि ये कोई गलती से होने वाला काम नहीं है। जस्टिस पी एस नरसिम्हा और आलोक अराधे की बेंच ने कहा कि इसके नतीजों और जवाबदेही की जांच करना चाहते हैं क्योंकि इसका सीधा असर फैसले की प्रक्रिया की ईमानदारी पर पड़ता है। कोर्ट ने इस मामले में अटॉर्नी जनरल आर वेंकटरमणी, सॉलिसिटर जनरल तुषार



■ बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस

मेहता और बार काउंसिल ऑफ इंडिया को नोटिस जारी किया है। दरअसल, पिछले साल अगस्त में आंध्र प्रदेश की एक ट्रायल कोर्ट ने विवादित प्रॉपर्टी के केस में AI से बनी तस्वीर के आधार पर फैसला दिया था। फैसले के खिलाफ आंध्र प्रदेश हाइकोर्ट में याचिका दायर की गई थी। इसी साल जनवरी में हाइकोर्ट ने भी याचिका खारिज कर दी थी।

>> (शेष पेज 06 पर)

## एसटी हसन बोले- होश न खोएं, लखनऊ में एक लाख लोग सड़क पर उतरे खुद को जंजीरों से मारा

# यूपी में शियाओं का प्रदर्शन जारी

**मातम**

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। ईरान के सुप्रीम लीडर खामेनेई की मौत से नाराज शिया समुदाय यूपी में सड़कों पर उतर आया है। लखनऊ में रविवार रात करीब एक लाख शिया समुदाय के लोगों ने प्रदर्शन किया। छोटा इमामबाड़ा में बड़ा इमामबाड़ा तक कैंडल मार्च निकाला। हाथों में खामेनेई का पोस्टर लेकर अमेरिका-इजराइल मुर्दाबाद के नारे लगाए।

कई शहरों में अमेरिका का पुतला जलाया गया। बिजनौर और अमरोहा में भी शिया समुदाय ने जुलूस निकाला। मोहर्रम की तरह युवाओं और बच्चों ने खुद को जंजीरों से पीटा। मातम मनाया। प्रयागराज में महिलाओं ने कैंडिल मार्च निकाला।





इससे पहले, रविवार सुबह खामेनेई की मौत की खबर मिलते ही मातम और आक्रोश का दौर शुरू हो गया। लोगों का कहना था कि हमारे रहबर खामेनेई की शहादत खाली नहीं जाएगी। ऑल इंडिया शिया पर्सनल लॉ बोर्ड ने 3 दिन के शोक की घोषणा की। बोर्ड के महासचिव मौलाना यासूब अब्बास ने कहा- लोग अपने घरों पर काले झंडे लगाएंगे और काले कपड़े पहनेंगे। छोटा और बड़ा इमामबाड़ा 3 मार्च तक बंद रहेंगे।

प्रदर्शनों पर लखनऊ में भाजपा विधायक राजेश्वर सिंह ने कहा- मैं ईरान संबंधी प्रदर्शनों की निंदा करता हूं। वहीं, मुरादाबाद के सपा नेता एसटी हसन ने कहा- जोश में होश नहीं खोना चाहिए। प्रदर्शनों के बीच पुलिस ने पूरे प्रदेश में हाई अलर्ट जारी किया है। सीएम योगी ने भी रविवार सुबह मीटिंग में अफसरों से सावधानी बरतने को कहा है।

> **प्रयागराज में खामेनेई की याद में आंसू बहाने का सिलसिला जारी है। सिविल लाइंस स्थित धरनास्थल पर जमा हुए शिया समुदाय के लोग अली खामेनेई को याद कर रो पड़े। धरना देने पहुंचे लोगों ने ईरान पर हमले के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया। इससे पहले प्रयागराज में देर रात हजारों की संख्या में पुरुष और महिलाओं ने सड़क पर उतरकर प्रदर्शन किया था।**

### अयोध्या सांसद बोले- हमारे देश की विदेश नीति ठीक नहीं

सपा सांसद अवधेश प्रसाद ने कहा- उनकी (ईरान के सुप्रीम कमांडर अयातुल्ला अली खामेनेई) मौत सारे देश और दुनिया के लिए एक दुखद संदेश है। इसकी जितनी निंदा की जाए वह कम है। परमात्मा उनके परिवार को यह दुख सहने की शक्ति दे। युद्ध विनाशकारी होता है। यह देश के लिए खतरा पैदा करता है। इसके लिए हमारी संस्थाओं को आगे आकर युद्ध को रोकने का प्रयास करना चाहिए क्योंकि युद्ध का प्रभाव सभी जगहों पर पड़ता है।

### प्रयागराज में लड़की बोली- अभी शिया कौम जिंदा है

प्रयागराज में प्रोटेस्ट कर रही लड़की ने कहा- हम अपने रहबरे मोहज्जम के लिए प्रोटेस्ट कर रहे हैं। शिया कौम जिंदा है। वह सुबह कहते हैं, तो हम सुबह कहते हैं। वह हराम कहते हैं, तो वह चीज हमारे लिए हराम होती है। हम यहीं चाहते है कि हमें इंसाफ मिले। दुश्मन के अंदर इतनी औकात नहीं कि हमारे रहबरे मोहज्जम के सामने मुकाबला कर सके। वह हमेशा पीठ पीछे वार करता है।

वाराणसी में 7 दिन शोक का ऐलान किया गया। दफतर-ए-जुमा से इमाम-ए-जुमा शहर बनारस मौलाना जफर हुसैनी ने लोगों से अपील की है कि वो एक हफ्ते तक शोक मनाएं। घरों में काला परचम लगाएं और कला कपड़ा पहनें।

इससे पहले शिवपुर इलाके में देर रात कैंडिल मार्च निकाला गया।

## होली शांतिपूर्ण संपन्न कराने के लिए प्रभारी मंत्री की बैठक

### डीएम- जेसीपी और नगर आयुक्त को दिए निर्देश

तमसा संकेत, एजेंसी



लखनऊ । होली पर्व को लेकर राजधानी में तैयारियां तेज हो गई हैं। उत्तर प्रदेश के वित्त एवं संसदीय कार्य मंत्री और लखनऊ के प्रभारी मंत्री सुरेश कुमार खन्ना ने जिलाधिकारी विशाख जी, जॉइंट पुलिस कमिश्नर (JCP) बबलू कुमार और नगर आयुक्त गौरव कुमार के साथ समन्वय बैठक की।

ट्रैफिक, सफाई व्यवस्था और कानून-व्यवस्था की समीक्षा की। बैठक में साफ संदेश दिया गया कि त्योहार के दौरान किसी भी स्तर पर लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी। सभी विकास कार्य समय पर पूरे किए जाएं। बैठक में होलिका दहन स्थलों, प्रमुख बाजारों, चौराहों और भीड़भाड़ वाले इलाकों में विशेष प्रबंधन पर जोर दिया गया। प्रभारी मंत्री ने कहा कि लखनऊ में होली व्यापक स्तर पर मनाई जाती है, ऐसे में प्रशासन को पहले से पूरी तैयारी करनी होगी। जिलाधिकारी और पुलिस अधिकारियों को निर्देश दिए गए कि संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती सुनिश्चित की जाए। त्योहार के दौरान शांति और सौहार्द बना रहे, इसके लिए लगातार पेट्रोलिंग और मॉनिटरिंग की जाए। बैठक में ट्रैफिक व्यवस्था को लेकर भी विस्तृत चर्चा हुई। होली के दिन और उससे पहले बाजारों में बढ़ती भीड़ को देखते हुए वैकल्पिक ट्रैफिक प्लान तैयार करने को कहा गया। पार्किंग स्थलों की पहचान और जाम से बचाव के लिए पुलिस-प्रशासन के बीच समन्वय बढ़ाने पर जोर दिया गया।

**फास्ट न्यूज**

### ट्रक ने बाइक सवार को रौंदा, मौत

लखनऊ । लखनऊ में एक बेकाबू ट्रक ने बाइक सवार को रौंद दिया। हादसे में व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। हादसा बंथरा थाना क्षेत्र में सोमवार शाम कानपुर रोड स्थित हनुमान मंदिर के पास हुआ। मृतक की पहचान उन्नाव के रहने वाले राममूर्ति शुक्ला के रूप में हुई। वह सरोजनी नगर की तरफ से कानपुर की ओर जा रहे थे, तभी पीछे से आ रहे एक अज्ञात ट्रक ने उनकी बाइक में जोरदार टक्कर मार दी।

### लखनऊ में बच्चों संग खेले युवराज सिंह

लखनऊ । क्रिकेटर युवराज सिंह सोमवार को लखनऊ के इकाना स्टेडियम पहुंचे। यहां उन्होंने बच्चों को क्रिकेट की टिप्स दिए। इस दौरान बच्चों ने बॉलिंग की और युवराज ने बैटिंग। इसी के साथ युवराज ने कैच लेने की प्रैक्टिस कराई। इस दौरान युवराज सिंह ने लड़कियों की तारीफ करते हुए कहा- बहुत अच्छा कैच पकड़ा है। लड़कों देख लो।

उन्होंने खिलाड़ियों से कहा- आप सभी को हर बॉल पर तैयार रहना चाहिए। मैदान पर कभी भी लूज होकर नहीं खड़े होना चाहिए। लूज खड़े रहने पर कैच छूटेगा, बॉल चली जाएगी। रिलैक्स होकर हल्के हाथ से कैच पकड़ा जाता है।

### होली पर लखनऊ के बस अड्डों पर यात्रियों की भीड़

लखनऊ । लखनऊ के बस अड्डों पर त्योहारी सीजन के चलते यात्रियों की भारी भीड़ उमड़ पड़ी है। खासतौर पर आलमबाग बस अड्डा से प्रतिदिन लगभग 1000 बसें प्रदेश के अलग-अलग जनपदों के लिए रवाना की जा रही हैं। त्योहार को देखते हुए परिवहन निगम ने अतिरिक्त बसों का संचालन शुरू कर दिया है, जिससे यात्रियों को राहत मिल रही है।

## वॉल्वो बस बिहार के कैमूर जिले में राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त

तमस संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । महरूआ थाना क्षेत्र के सेहरा -जलालपुर निवासी, CRPF की 106 वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स के हवलदार/चालक विनय कुमार सिंह जी जमशेदपुर ( झारखंड ) में तैनात थे, रांची से वाराणसी आ रही वॉल्वो बस कल 1 मार्च को बिहार के कैमूर जिले में राजमार्ग पर दुर्घटनाग्रस्त हो गई जिसमे सवार हवलदार/चालक विनय कुमार सिंह समेत तीन लोगों की घटनास्थल पर ही दर्दनाक मौत हो गई और कई यात्री घायल हो गए

CRPF की पार्टी द्वारा हव/चालक विनय कुमार सिंह का पार्थिव शरीर आज सुबह उनके पैतृक गाँव सेहरा जलालपुर लाया गया जहाँ अयोध्या में तैनात CRPF की 63 वीं बटालियन के अधिकारी श्री धर्मेंद्र कुमार के नेतृत्व में स्पेशल शहीद सम्मान गार्ड द्वारा पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ दिवंगत जवान का अंतिम संस्कार किया गया। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक की तरफ से श्रद्धांजलि स्वरूप रीथ भेंट की गई और उनके उत्तराधिकारी को त्वरित सहायता स्वरूप एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि प्रदान की गई। अवकाश पर आये जनपद के तहिरापुर बरियावन निवासी श्री लक्ष्मी नारायण उपाध्याय , उप/ कमांडेंट , उप निरीक्षक महेन्द्र कुमार थानाध्यक्ष महरूआ, उप निरीक्षक प्रेम तिवारी, दिनेश सिंह सहित CRPF के कई जवानों , परिजनों व ग्रामवासियों ने नम आँखों के साथ शहीद जवान को श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए अन्तिम विदाई दी।

## बीएलओ पर दबाव से आत्महत्या का मामला, अखिलेश यादव ने उठाए सवाल

# 'बीएलओ पर काम का दबाव बनाया जा रहा'

तमस संकेत, संवाददाता

लखनऊ। अखिलेश यादव ने उत्तर प्रदेश में बूथ लेवल अधिकारियों (बीएलओ) पर बढ़ते दबाव को लेकर गंभीर चिंता जताई है। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष और पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में बीएलओ पर दिन-रात चौबीसों घंटे काम का दबाव बनाया जा रहा है। उन्होंने आरोप लगाया कि पहले फॉर्म-7 के जरिए सही मतदाताओं के नाम काटने का दबाव था और अब फॉर्म-6 के माध्यम से फर्जी नाम जोड़ने के लिए मजबूर किया जा रहा है।

उन्होंने कहा कि इस तरह के गलत कार्यों के लिए अधिकांश बीएलओ मानसिक रूप से तैयार नहीं होते, जिसके चलते वे भारी तनाव और निराशा में चले जाते हैं। इसी दबाव के कारण कई लोग आत्मघाती कदम उठाने तक मजबूर हो रहे हैं। उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधते हुए कहा कि भाजपा सरकार के दबाव में अधिकारी संवेदनहीन हो गए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सत्ता के दबाव और निरंकुश रवैये के कारण सरकारी कर्मचारियों का मानसिक संतुलन प्रभावित हो रहा है।

**फतेहपुर में शिक्षामित्र बीएलओ की मौत पर सपा प्रमुख ने प्रशासन और भाजपा सरकार को ठहराया जिम्मेदार, बीएलओ से निराश न होने की अपील**



**अखिलेश यादव ने सभी बीएलओ से अपील करते हुए कहा कि वे निराश न हों और अपने जीवन का महत्व समझें। उन्होंने कहा कि आपका जीवन आपके परिवार के लिए बेहद कीमती है और किसी भी दबाव के कारण ऐसा कठोर कदम नहीं उठाना चाहिए।**

### बेटी की शादी के लिए छुट्टी मांगने के बावजूद अधिकारियों ने अनुमति नहीं दी

सपा प्रमुख ने फतेहपुर जिले के बिंदकी क्षेत्र के ग्राम अलियाबाद में शिक्षामित्र और बीएलओ अखिलेश कुमार सविता की आत्महत्या का जिक्र करते हुए कहा कि उन्होंने 'एसआईआर-2026 जीवनमुक्ति' शीर्षक से सुसाइड नोट लिखकर शनिवार शाम प्राथमिक विद्यालय के एक कमरे में फांसी लगा ली। उन्होंने आरोप लगाया कि मृतक बीएलओ पर एसआईआर का अत्यधिक दबाव था और बेटी की शादी के लिए छुट्टी मांगने के बावजूद अधिकारियों ने अनुमति नहीं दी, जिससे वे मानसिक रूप से टूट गए।

अखिलेश यादव ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब भी सत्ता निरंकुश होती है, तो उसका पतन भी निश्चित होता है। उन्होंने कहा कि लोकतंत्र में किसी भी कर्मचारी को मानसिक प्रताड़ना देना या जबरन गलत कार्य कराने की कोशिश करना बेहद चिंताजनक है ।

# एटीएस अफसर बनकर 90 लाख ठगने वाले 2 ठग अरेस्ट

### जयपुर में बैठकर गिरोह चला रहा सरगना, 3 सदस्य पहले दबोचे गए थे

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ। लखनऊ में ATS अधिकारी बनकर दंपती से करीब 90 लाख की साइबर ठगी करने वाले 2 और आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। इससे पहले इस मामले में 3 आरोपी पकड़े जा चुके हैं। इंस्पेक्टर बृजेश यादव ने बताया- 26 जनवरी 2026 को वीना बाजपेयी के मोबाइल पर कॉल आया। कॉल करने वाले ने खुद को एटीएस मुख्यालय में तैनात इंस्पेक्टर रंजीत कुमार बताया और आतंकवाद व मनी लॉन्ड्रिंग जैसे गंभीर मामलों में फंसाने की धमकी दी।

इसके बाद पीड़ित वीना और उनके पति को सिग्नल ऐप डाउनलोड कर संपर्क में रहने को कहा गया। ऐप पर अजय प्रताप श्रीवास्तव नाम के व्यक्ति ने खुद को



एटीएस अधिकारी बताते हुए सुप्रीम कोर्ट के फर्जी आदेश और सीजर दस्तावेज दिखाए। उसने गिरफ्तारी से बचाने और खातों की जांच पूरी करने के नाम पर रकम ट्रांसफर कराने का दबाव बनाया।

मामले की जांच कर रही पुलिस टीमों ने सीकर राजस्थान निवासी मनोज यादव (21) और जितेंद्र यादव उर्फ जीतू (23) को गिरफ्तार किया है। इससे पहले 17 फरवरी को पुलिस मयंक श्रीवास्तव, इरशाद और मनीष कुमार को पकड़ चुकी है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने शुरुआत में खुद को निर्दोष बताया और कहा कि उन्हें लालच व डर दिखाकर जोड़ा गया था। उन्होंने दावा किया कि जयपुर में रहने वाला एक युवक उन्हें निर्देश देता था।

### 11 दिन में ट्रांसफर करा लिए 90 लाख

भय और मानसिक दबाव में आकर पीड़ित परिवार से 29 जनवरी से 9 फरवरी 2026 के बीच आरटीजीएस के जरिए अलग-अलग खातों में कुल 90 लाख ट्रांसफर करा लिए गए। बाद में आरोपियों ने 11 लाख और मांगे। असमर्थता जताने पर गाली-गलौज करते हुए जान-माल की धमकी दी गई।

## इंदिरा गांधी नक्षत्रशाला, लखनऊ में चंद्रग्रहण अवलोकन हेतु विशेष निःशुल्क कार्यक्रम

# 'ब्लड मून' का अद्भुत दृश्य

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । आज आकाश में एक अत्यंत आकर्षक खगोलीय घटना घटित होगी। इस दिन वर्ष 2026 का पहला पूर्ण चंद्र ग्रहण दिखाई देगा। यदि मौसम साफ रहा तो भारत के अनेक भागों, लखनऊ सहित उत्तर भारत में, इसका अंतिम चरण देखा जा सकेगा। यह ग्रहण विशेष इसलिए भी है क्योंकि पूर्ण अवस्था में चंद्रमा लालिमा लिए दिखाई दे सकता है, जिसे आम भाषा में "ब्लड मून" कहा जाता है।

इंदिरा गाँधी नक्षत्रशाला, लखनऊ द्वारा नक्षत्रशाला परिसर में जनसामान्य हेतु रात्रि आकाश दर्शन कार्यक्रम का आयोजन किया जायेगा । इस कार्यक्रम में नक्षत्रशाला द्वारा टेलिस्कोप के माध्यम से चंद्रग्रहण का अवलोकन जनसामान्य को करवाया जायेगा । भारत के अधिकांश हिस्सों में चंद्रमा उस



समय उदित होगा जब ग्रहण पहले से जारी रहेगा। लखनऊ में सूर्यास्त 18:08 बजे होगा, इसलिए चंद्रमा पूर्व दिशा में क्षितिज के पास दिखाई देगा। उस समय ग्रहण का पूर्ण चरण समाप्त हो चुका होगा। किन्तु आंशिक चरण जारी रहेगा। इस दौरान चंद्रमा हल्का धुंधला या लालिमा लिए दिखाई दे सकता है। लखनऊ से चंद्रग्रहण को देखने की अधिकतम संभावित अवधि लगभग 39 मिनट हो सकती है। इस विशेष कार्यक्रम को सायंकाल से रात्रि 19:00 बजे तक संचालित किया जायेगा । यह कार्यक्रम निःशुल्क होगा एवं उत्तर प्रदेश अमेच्योर एस्ट्रोनॉमर्स क्लब के द्वारा इस कार्यक्रम का आयोजन करवाया जायेगा । चंद्रमा की कक्षा पृथ्वी की सूर्य के चारों ओर की कक्षा से लगभग 5 झुकी हुई है। इसी कारण हर पूर्णिमा पर पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर नहीं पड़ती। केवल जब तीनों खगोलीय पिंड बिल्कुल एक सीध में आ जाते हैं, तभी ग्रहण संभव होता है। चंद्र ग्रहण खगोल विज्ञान का प्रत्यक्ष प्रयोगशाला जैसा उदाहरण है।

### पूर्णिमा की रात यह घटना संभव

वास्तव में चंद्र ग्रहण तब होता है जब पृथ्वी सूर्य और चंद्रमा के बीच आ जाती है और पृथ्वी की छाया चंद्रमा पर पड़ती है। पूर्णिमा की रात यह घटना संभव होती है। जैसे-जैसे पृथ्वी की छाया चंद्रमा को ढकती है, चंद्रमा धीरे-धीरे धुंधला पड़ने लगता है और पूर्ण अवस्था में लाल या तांबे जैसा दिखाई दे सकता है। जब पृथ्वी सूर्य के प्रकाश को सीधे चंद्रमा तक पहुँचने से रोकती है, तब सूर्य का प्रकाश पृथ्वी के वायुमंडल से होकर मुड़ता और छनता हुआ चंद्रमा तक पहुँचता है। हमारा वायुमंडल नीली रोशनी को अधिक बिखेर देता है और लाल रोशनी को आगे जाने देता है। यही कारण है कि सूर्यास्त लाल दिखाई देता है और इसी कारण पूर्ण चंद्र ग्रहण के समय चंद्रमा लालिमा लिए दिखता है।

**कार्रवाई : बीओबी बैंक मित्र रहते हुए आलीशान घर बनवाया, नौकर के लिए कार खरीदी**

# 12 करोड़ हड़पने वाले की मां-पत्नी गिरफ्तार

तमसा संकेत, एजेंसी

लखनऊ । लखनऊ में कई लोगों के साथ धोखाधड़ी कर उनका अकाउंट खाली करने वाले बैंक मित्र शिवा राव की मां और पत्नी भी गिरफ्तार हो गई हैं। पुलिस ने इन दोनों के साथ नौकर को भी हिरासत में लिया है। इनके खातों से 12 करोड़ रुपए के ट्रांजेक्शन मिले हैं। वहीं, शिवा ने अपना आलीशान घर बनवाने के साथ नौकर के लिए कार भी खरीदी थी। मामला पारा इलाके में शकुंतला विश्वविद्यालय कैंपस स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा का है। यहां कर्नाटक का रहने वाला शिवा राव बैंक मित्र के रूप में काम करता था। उसने लोगों को बैंक जाने के बजाय खुद के पास पैसे जमा कराए। उनकी FD की। बाद में जब मैच्योरिटी की डेट आई




तो लोगों को न FD मिली और न ही उनके अकाउंट में जमा लाखों रुपए। इसके बाद लोगों ने बैंक की ब्रांच में जमकर हंगामा किया। एक के बाद एक कई पीड़ित सामने आए जिन्होंने बैंक अधिकारियों पर भी धोखाधड़ी के आरोप लगाए। उनका कहना है कि उन्होंने न शिवा राव को पैसे दिए न ही ब्रांच में जमा किए। RTGS के जरिये जो रकम ट्रांसफर हुई, वह भी गायब हो गई है। कई लोगों ने बेटी की शादी के लिए पैसे इकट्ठा किए थे। ऐनवक्त पैसा न होने का पता चलने पर शादी की डेट टालनी पड़ी। पुलिस का कहना है कि इतनी बड़ी रकम का फर्जीवाड़ा अकेले संभव नहीं है। ऐसे में कुछ बैंक अधिकारियों और कर्मचारियों की मिलीभगत की आशंका जताई जा रही है। जांच के दायरे में अन्य खाताधारकों की भूमिका भी खंगाली जा रही है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से करीब ढाई लाख रुपए के जेवर, एक कार, चांदी के सिक्के, तीन मोबाइल, एक लैपटॉप, प्रिंटर और 47 हजार रुपए नकद बरामद किए हैं। इसी प्रिंटर से FD की फर्जी रसीदें तैयार कर ग्राहकों को दी जाती थीं। ठगी की रकम गहनों, बिजली उपकरणों और संपत्तियों में भी खपाई गई।

### शिवा और उसका सहयोगी पहले पकड़े जा चुके

शिवा राव को पुलिस ने फरवरी के पहले सप्ताह में गिरफ्तार कर लिया था। उसके अगले ही दिन उसके साथ साजिशकर्ता बैंक के पूर्व सिक्योरिटी गार्ड दीपक को भी गिरफ्तार कर लिया था। पुलिस के मुताबिक, शिवा 2015 से बैंक में कार्यरत था। वह किसी भी लैपटॉप या कंप्यूटर पर बैठकर काम करने लगता था और बैंक आने वाले हर ग्राहक से संपर्क साधता था। लोगों को झांसे में लेने के लिए वह उन्हें तरह-तरह की बचत योजनाएं बताता था।

### नौकर को डेढ़ करोड़ दिए, कार दिलाई

पुलिस ने करीब डेढ़ महीने बाद 1 मार्च को बैंक मित्र शिवा राव की मां कारा निर्मला, पत्नी भाग्यवती और उसके नौकर नरौना के विकास कुमार को गिरफ्तार कर लिया। जांच में सामने आया कि गिरफ्तार तीनों आरोपियों के खातों में करीब 12 करोड़ रुपए का ट्रांजेक्शन हुआ। शिवा ने ठगी की रकम में से करीब डेढ़ करोड़ रुपए अपने नौकर विकास के खाते में ट्रांसफर किए। इतना ही नहीं, ऐंठे पैसों से नौकर के लिए कार भी खरीदी।

# वाम और लोकतांत्रिक संगठन की बैठक

**ईरान के खिलाफ अमेरिकी-इज़राइली साम्राज्यवाद विश्व शांति और राष्ट्रों की संप्रभुता के लिए खतरा**

तमसा संकेत, संवाददाता

लखनऊ । लखनऊ में वामपंथी और लोकतांत्रिक संगठनों की एक संयुक्त बैठक आयोजित की गई, जिसमें ईरान पर जारी अमेरिकी–इज़राइली सैन्य हमले — जिसमें ईरान के सर्वोच्च नेता आयतोल्लाह अली खामेनेई और कई वरिष्ठ ईरानी अधिकारियों की लक्षित हत्या शामिल है — की तीखी निंदा की गई। बैठक ने इसे अंतरराष्ट्रीय कानून, राष्ट्रीय संप्रभुता और वैश्विक शांति के लिए गंभीर खतरा बताया। यह कहा गया कि इस प्रकार की एकपक्षीय सैन्य कार्रवाई संयुक्त राष्ट्र चार्टर की मूल भावना को कमजोर करती है और शक्तिशाली देशों द्वारा न्यायेतर सैन्य आक्रामकता को सामान्य बनाती है।

बैठक की अध्यक्षता उदय नाथ सिंह (ऑल इंडिया फॉरवर्ड ब्लॉक) ने की। बैठक में रमेश




सिंह सेंगर (सीपीआई(एमएल) लिबरेशन), मधुसूदन मगन (एआई-सीसीटीयू), राजीव गुप्ता (आरवा-ईए), सोहित यादव (जन जागरूकता अभियान), के के शुक्ला (ऑल इंडिया वर्कर्स काउंसिल) और शांतम निधि (आइसा) उपस्थित रहे। बैठक में कहा गया कि ईरान पर यह सैन्य हमला किसी एक घटना की प्रतिक्रिया नहीं है, बल्कि इसे व्यापक भू-राजनीतिक वर्चस्व की रणनीति के रूप में समझा जाना चाहिए। सुरक्षा, आतंकवाद-रोधी कार्रवाई या परमाणु प्रसार जैसे तर्कों का इतिहास बताता है कि इन्हें अक्सर ऊर्जा संसाधनों, सामरिक क्षेत्रों और व्यापार मार्गों पर नियंत्रण स्थापित करने के औजार के रूप में इस्तेमाल किया गया है। इस संदर्भ में आयतोल्लाह अली खामेनेई और अन्य वरिष्ठ अधिकारियों की हत्या केवल राजनीतिक नेतृत्व को समाप्त करने की कोशिश नहीं, बल्कि क्षेत्रीय अस्थिरता को और गहरा करने वाली खतरनाक प्रवृत्ति है।

बैठक में एक औपचारिक शोक प्रस्ताव पारित करते हुए आयतोल्लाह अली खामेनेई की मृत्यु, ईरानी नागरिकों की मौत, तथा हमलों में घायल और मारे गए निर्दोष लोगों के प्रति गहरा शोक व्यक्त किया।

## ट्रायल सफल, राशि समाप्त होते ही संबंधित उपभोक्ता के कनेक्शन की बिजली स्वतः कट जाएगी

# 35 हजार उपभोक्ताओं पर लागू हुआ प्रीपेड स्मार्ट मीटर सिस्टम

**परीक्षण**

बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर जिले में बिजली उपभोक्ताओं के लिए प्रीपेड स्मार्ट मीटर व्यवस्था लागू करने की दिशा में बड़ा कदम उठाया गया है। मध्यांचल विद्युत वितरण निगम ने अकबरपुर, जलालपुर, टांडा और आलापुर डिवीजन सहित जिला मुख्यालय और ग्रामीण क्षेत्रों में लगे 35 हजार प्रीपेड मीटरों का शनिवार को ट्रायल किया। ट्रायल सफल रहा।

परीक्षण के दौरान करीब 10 हजार बकायेदार उपभोक्ताओं के घरों की बिजली आपूर्ति स्वतः बंद हो गई। रिचार्ज कराने के बाद पुनः आपूर्ति बहाल कर दी गई। अब रिचार्ज राशि समाप्त होते ही संबंधित उपभोक्ता के कनेक्शन की बिजली स्वतः कट जाएगी।

> बिजली विभाग के अनुसार इस प्रणाली से विभागीय मानव संसाधन की भी बचत होगी, क्योंकि मीटर रीडिंग और बिल वितरण की प्रक्रिया स्वतः डिजिटल माध्यम से संचालित होगी।

> यदि कोई उपभोक्ता छुट्टियों में बाहर जाता है तो उपयोग न होने की स्थिति में अतिरिक्त बिल का भार नहीं पड़ेगा। रिचार्ज समाप्त होने से एक दिन पहले मीटर में लाल संकेतक जलने लगेगा, जिससे उपभोक्ता को पूर्व सूचना मिल जाएगी।

### यूपीपीसीएल स्मार्ट एप से होगा रिचार्ज

प्रीपेड मीटर रिचार्ज के लिए उपभोक्ताओं को गूगल प्ले स्टोर से यूपीपीसीएल स्मार्ट एप डाउनलोड करना होगा। एप पर कनेक्शन नंबर दर्ज करते ही रिचार्ज की सुविधा उपलब्ध होगी। उपभोक्ता मोबाइल से ही अपनी आवश्यकता अनुसार रिचार्ज कर सकेंगे।

एप के माध्यम से रीडिंग, बिलिंग तिथि, कनेक्शन और डिस्कनेक्शन की स्थिति सहित अन्य जानकारियां भी प्राप्त की जा सकेंगी। इससे उपभोक्ताओं को बिजली कार्यालयों के चक्कर लगाने की आवश्यकता नहीं पड़ेगी।

### पोस्टपेड व्यवस्था से मिलेगी निजात

अब तक अधिकांश घरों में पोस्टपेड मीटर लगे थे। इनमें अधिक बिल आने और दो-तीन माह का बिल एक साथ मिलने की शिकायतें सामने आती रही हैं। प्रीपेड मीटर लागू होने के बाद अनुमानित या एकमुश्त बिल की समस्या समाप्त होगी।

### अधिकारियों का बयान

मीटर अधिशासी अभियंता संजय कुमार ने बताया कि जिले में लगाए गए स्मार्ट मीटरों को प्रीपेड मोड में परिवर्तित कर दिया गया है। उपभोक्ता यूपीपीसीएल प्लेटफॉर्म पर कनेक्शन नंबर दर्ज कर आसानी से रिचार्ज कर सकते हैं। अधीक्षण अभियंता रजनीश श्रीवास्तव ने बताया कि लखनऊ निदेशालय के निर्देश पर स्मार्ट मीटर रिचार्ज का ट्रायल पूरा कर लिया गया है। अब जिले के 35 हजार से अधिक उपभोक्ता रिचार्ज आधारित प्रणाली से बिजली उपयोग करेंगे। इसके लिए जागरूकता अभियान भी चलाया जाएगा, ताकि उपभोक्ताओं को नई व्यवस्था की पूरी जानकारी मिल सके।

# पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई शिकायतों के निस्तारण के निर्देश

## पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने सुनी फरियादियों की समस्याएं

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । सोमवार को पुलिस कार्यालय में जनसुनवाई का आयोजन किया गया। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर. शंकर ने स्वयं उपस्थित रहकर फरियादियों की शिकायतें सुनीं और संबंधित अधिकारियों को समयबद्ध व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के निर्देश दिए।

जनसुनवाई के दौरान जिले के विभिन्न थाना क्षेत्रों से आए लोगों ने भूमि विवाद, मारपीट, पारिवारिक प्रकरण, साइबर ठगी, महिला उत्पीड़न और अन्य आपराधिक मामलों से जुड़ी शिकायतें प्रस्तुत कीं। पुलिस अधीक्षक ने प्रत्येक प्रकरण को गंभीरता से लेते हुए संबंधित क्षेत्राधिकारी, थानाध्यक्ष और जांच अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश जारी किए। जनसुनवाई के दौरान यह भी निर्देशित किया गया कि केवल औपचारिक कार्रवाई न कर, प्रत्येक प्रकरण का विधिक रूप से संतोषजनक समाधान सुनिश्चित किया जाए। जांच में लापरवाही पाए जाने पर जिम्मेदारी तय करने की चेतावनी दी गई। पुलिस अधीक्षक ने कहा कि जनसुनवाई का उद्देश्य आमजन की समस्याओं का त्वरित समाधान और पुलिस व्यवस्था में विश्वास को मजबूत करना है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि प्राप्त शिकायतों की नियमित मॉनिटरिंग की जाए और प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत की जाए।

### प्राथमिकता के आधार पर कार्रवाई के निर्देश

पुलिस अधीक्षक ने स्पष्ट किया कि जनसुनवाई में प्राप्त शिकायतों का निस्तारण निर्धारित समयसीमा में किया जाए। उन्होंने कहा कि जांच प्रक्रिया में पारदर्शिता बनाए रखते हुए पीड़ितों को समय-समय पर कार्रवाई की जानकारी दी जाए। लंबित प्रकरणों की समीक्षा कर शीघ्र समाधान सुनिश्चित करने पर भी जोर दिया गया।

उन्होंने महिला संबंधी अपराधों और साइबर अपराधों को विशेष प्राथमिकता देने के निर्देश दिए। साथ ही राजस्व व पुलिस से जुड़े संयुक्त मामलों में आपसी समन्वय के साथ कार्रवाई करने को कहा गया, ताकि शिकायतकर्ताओं को अनावश्यक चक्कर न लगाने पड़ें।

**फास्ट न्यूज**

### खामनेई की शहादत पर शाही इमामबाड़ा में श्रद्धांजलि सभा

अंबेडकरनगर के अकबरपुर मीरानपुर स्थित शाही इमामबाड़ा में रविवार देर शाम ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामनेई की शहादत पर श्रद्धांजलि सभा आयोजित की गई। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन अकबरिया (रजिस्टर्ड), अकबरपुर ने किया। सभा में धर्मगुरु, बुद्धिजीवी और बड़ी संख्या में स्थानीय नागरिकों ने भाग लिया। वक्ताओं ने ईरान पर हुए हमले की कड़ी निंदा की।

### स्मैसी पब्लिक स्कूल अलीचक का वार्षिकोत्सव धूमधाम से आयोजित

अंबेडकरनगर । जिले के आलापुर क्षेत्र, जहांगीरगंज अंतर्गत ग्राम सभा माडरमऊ में स्थित स्मैसी पब्लिक स्कूल अलीचक का वार्षिकोत्सव समारोह बड़े उत्साह और धूमधाम के साथ मनाया गया। समारोह के मुख्य अतिथि आलापुर विधायक त्रिभुवन दत्त रहे, जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में पूर्व विधायक सुभाष राय और डिप्टी सीएमओ गंगा राम गौतम उपस्थित रहे। विद्यालय के प्रबंधक गंगा प्रसाद यादव और सहयोगियों ने सभी अतिथियों का फूल माला पहनाकर स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत भगवान गौतम बुद्ध के चित्र पर दीप प्रज्ज्वलन और माल्यार्पण से हुई।

### होलिका दहन और जुलूसों के लिए पुलिस ने की विशेष तैयारी

अंबेडकरनगर । जिले में होली के अवसर पर होलिका दहन और जुलूसों की सुरक्षा के लिए पुलिस प्रशासन ने व्यापक तैयारी कर ली है। जिले में कुल 1940 स्थानों पर होलिका दहन कार्यक्रम आयोजित होंगे, जबकि 21 मार्गों से जुलूस निकाले जाएंगे। पुलिस अधीक्षक अभिजीत आर शंकर ने बताया कि शुक्रवार को 699 स्थानों पर रात 8 बजे से होलिका दहन किया जाएगा।

# लावारिस नवजात को बालगृह लखनऊ भेजा गया

## बाल कल्याण समिति के आदेश पर हुई कार्रवाई

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । लावारिस अवस्था में मिले नवजात शिशु को बाल कल्याण समिति के आदेश पर राजकीय बालगृह शिशु, लखनऊ भेज दिया गया। सोमवार को यह कार्रवाई बाल कल्याण समिति के अध्यक्ष राम नायक वर्मा, मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. पी. एन. यादव और अन्य अधिकारियों की मौजूदगी में पूरी की गई।

जानकारी के अनुसार 20 फरवरी 2026 को अहिरौली थाना क्षेत्र के ग्राम पहलाद पट्टी में एक नवजात बालक लावारिस हालत में मिला था। स्थानीय पुलिस ने शिशु को कब्जे में लेकर चाइल्ड हेल्पलाइन को सौंप दिया था। इसके बाद नवजात को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उसका उपचार किया गया।

जिला अस्पताल के एसएनसीयू वार्ड में उपचार के दौरान चिकित्सकों और स्टाफ की निगरानी में नवजात की स्थिति में सुधार हुआ। स्वास्थ्य में सुधार होने के बाद बाल कल्याण समिति ने उसे संस्थागत संरक्षण में भेजने का आदेश जारी किया।

सोमवार को आवश्यक औपचारिकताएं पूरी कर नवजात को राजकीय बालगृह शिशु, लखनऊ के लिए रवाना किया गया। वहां शिशु की देखभाल और संरक्षण की व्यवस्था की जाएगी।

# होली से पहले खाद्य सुरक्षा विभाग का विशेष अभियान

## विभिन्न प्रतिष्ठानों पर औचक निरीक्षण, 35 किलो छेना रसगुल्ला नष्ट

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । होली पर्व के मद्देनजर आम जनमानस को सुरक्षित खाद्य एवं पेय पदार्थ उपलब्ध कराने के उद्देश्य से अंबेडकरनगर में खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन ने विशेष अभियान चलाया। आयुक्त, खाद्य सुरक्षा एवं औषधि प्रशासन उत्तर प्रदेश तथा जिलाधिकारी के निर्देश पर सहायक आयुक्त (खाद्य) ग्रेड-2 श्रवण कुमार त्रिपाठी के निर्देशन में सोमवार को जिले के विभिन्न खाद्य प्रतिष्ठानों का औचक निरीक्षण किया गया।

निरीक्षण के दौरान अपमिश्रण के संदेह पर मिठाई, खोया और दूध के कुल सात नमूने संग्रहित किए गए। सभी नमूनों को जांच के लिए खाद्य विश्लेषक, उत्तर प्रदेश की प्रयोगशाला भेज दिया गया है। रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद आगे की कार्रवाई की जाएगी।

अभियान के दौरान कटका बाजार, जलालपुर स्थित सुभाष स्वीट हाउस में विक्रयार्थ भंडारित लगभग 35 किलोग्राम छेना रसगुल्ला अस्वस्थकर स्थिति में पाया गया। जनस्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए नमूना संग्रहण के उपरांत उक्त सामग्री को मौके पर ही नष्ट कराया गया। इसकी अनुमानित कीमत 5600 रुपये बताई गई है।

अधिकारियों के अनुसार प्रयोगशाला से जांच रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद यदि किसी नमूने में अपमिश्रण या गुणवत्ता में कमी पाई जाती है तो संबंधित खाद्य कारोबार-कर्ताओं के विरुद्ध खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत विधिक कार्रवाई प्रस्तावित की जाएगी।

विशेष अभियान में खाद्य सुरक्षा अधिकारी अमित कुमार पाण्डेय, दिनेश कुमार राय, चंद्र प्रकाश यादव, मो. नसीम खान और ओम प्रकाश शामिल रहे। टीम ने विभिन्न बाजारों में प्रतिष्ठानों की स्वच्छता, भंडारण व्यवस्था और गुणवत्ता मानकों की भी जांच की।

# कटेहरी विधायक ने विकास कार्यों के श्रेय को लेकर उठाए सवाल

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । जनपद में भारतीय जनता पार्टी से निर्वाचित एकमात्र विधायक धर्मराज निषाद ने कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में कराए जा रहे विकास कार्यों के श्रेय को लेकर सार्वजनिक रूप से आपत्ति जताई है। एक औपचारिक जनचर्चा के दौरान उन्होंने कहा कि उनके प्रस्ताव पर स्वीकृत परियोजनाओं का श्रेय अन्य लोगों के नाम से प्रकाशित किया जा रहा है, जो उचित नहीं है।

विधायक का कहना है कि कटेहरी विधानसभा क्षेत्र में अब तक स्वीकृत 11 सड़कों का प्रस्ताव उनके द्वारा भेजा गया था। इनमें से पांच सड़कें निर्माण के अंतिम चरण में हैं, जबकि शेष छह सड़कों को प्रशासनिक स्वीकृति मिल चुकी है। उन्होंने दावा किया कि विधानसभा क्षेत्र के अलग-अलग हिस्सों में चार पुलों की स्वीकृति भी उनके प्रस्ताव पर मिली है। विधायक ने बताया कि करीब साढ़े 13 किलोमीटर लंबी सड़क के चौड़ीकरण को भी मंजूरी मिली है, जिसकी अनुमानित लागत 25 करोड़ रुपये है। इसके अतिरिक्त भीटी क्षेत्र में काली चौरा मार्ग की भी स्वीकृति प्राप्त हुई है। उनका कहना है कि ये सभी परियोजनाएं विधिवत प्रस्ताव प्रक्रिया के तहत भेजी गई थीं और संबंधित विभागों से स्वीकृति प्राप्त हुई। इसके बावजूद कुछ समाचार पत्रों में इन विकास कार्यों का उल्लेख अन्य व्यक्तियों के नाम से किया जा रहा है। जनचर्चा के दौरान विधायक ने कहा कि कुछ अखबार विकास कार्यों की स्वीकृति को लेकर भ्रामक तरीके से समाचार प्रकाशित कर रहे हैं।

> जनचर्चा में रखी आपत्ति, कहा प्रस्ताव मेरे, नाम किसी और का

## बिहार के कैमूर में वोल्वो बस दुर्घटनाग्रस्त, तीन की मौके पर मौत

# सीआरपीएफ जवान की सड़क हादसे में हुई मौत



बृजेंद्र वीर सिंह



तमसा संकेत, अंबेडकरनगर । जिले के महरुआ थाना क्षेत्र के सेहरा–जलालपुर निवासी सीआरपीएफ की 106वीं वाहिनी रैपिड एक्शन फोर्स में तैनात हवलदार/चालक विनय कुमार सिंह की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। हादसा बिहार के कैमूर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग पर हुआ, जहां रांची से वाराणसी आ रही वोल्वो बस अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो गई। बस में सवार तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कई यात्री घायल हो गए।

विनय कुमार सिंह झारखंड के जमशेदपुर में तैनात थे और अवकाश पर अपने गृह जनपद अंबेडकरनगर लौट रहे थे। इसी दौरान यह दुर्घटना हुई। घटना की सूचना मिलते ही परिजनों में शोक की लहर दौड़ गई। हादसे की सूचना पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधि और प्रशासनिक अधिकारी भी गांव पहुंचे। कटेहरी के विधायक धर्मराज निषाद ने पैतृक आवास पहुंचकर परिजनों से मुलाकात की और संवेदना व्यक्त की। उन्होंने शोक संतप्त परिवार को ढांढस बंधाया। इस दौरान सीआरपीएफ के उप कमांडेंट लक्ष्मी नारायण उपाध्याय, उप निरीक्षक महेंद्र कुमार (थानाध्यक्ष महरुआ), उप निरीक्षक प्रेम तिवारी और दिनेश सिंह सहित अन्य अधिकारी एवं जवान मौजूद रहे।

### पैतृक गांव पहुंचा पार्थिव शरीर

सोमवार सुबह सीआरपीएफ की टीम पार्थिव शरीर को सेहरा–जलालपुर गांव लेकर पहुंची। गांव में अंतिम दर्शन के लिए बड़ी संख्या में लोग एकत्र हुए। सीआरपीएफ की 63वीं बटालियन, जो अयोध्या में तैनात है, के अधिकारियों की मौजूदगी में पूर्ण सैनिक सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। स्पेशल शहीद सम्मान गार्ड ने सलामी दी और पारंपरिक सैन्य रीति-रिवाजों के साथ अंतिम विदाई दी गई। केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल के महानिदेशक की ओर से श्रद्धांजलि स्वरूप पुष्पचक्र अर्पित किया गया। बल की ओर से आश्रितों को त्वरित सहायता के रूप में एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि भी प्रदान की गई।

# होली को लेकर अकबरपुर नगर पालिका की तैयारी पूरी

## पेयजल आपूर्ति और सफाई व्यवस्था के लिए विशेष इंतजाम

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । होली पर्व को लेकर अकबरपुर नगर पालिका ने व्यापक तैयारियां पूरी कर ली हैं। रंगोत्सव के दौरान नगरवासियों को पेयजल और सफाई से संबंधित किसी प्रकार की समस्या न हो, इसके लिए प्रशासन ने विशेष कार्ययोजना तैयार की है।

नगर पालिका के अधिशासी अधिकारी विशाल सारस्वत ने बताया कि होली के दिन सुबह से ही नगर के सभी वार्डों में नियमित जलापूर्ति सुनिश्चित की जाएगी। जलापूर्ति व्यवस्था की निगरानी के लिए संबंधित कर्मचारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

नगर के जिन क्षेत्रों में पाइपलाइन के माध्यम से पर्याप्त जलापूर्ति नहीं हो पाती है, वहां अतिरिक्त टैंकरों की व्यवस्था की गई है। ऐसे मोहल्लों की सूची तैयार कर ली गई है जहां अक्सर पानी की आपूर्ति बाधित रहती है। इन क्षेत्रों में प्राथमिकता के आधार पर टैंकर भेजे जाएंगे, ताकि त्योहार के दौरान किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि जलापूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित निस्तारण के लिए हेल्पलाइन व्यवस्था भी सक्रिय रखी जाएगी। संबंधित टीमों को निर्देश दिए गए हैं कि किसी भी सूचना पर तत्काल कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। होली के बाद नगर में सफाई व्यवस्था को लेकर भी विशेष योजना बनाई गई है। नगर पालिका ने अतिरिक्त सफाई कर्मियों की तैनाती की है। वार्डवार टीमें गठित कर दी गई हैं, जो रंगोत्सव के बाद सड़कों, गलियों और सार्वजनिक स्थलों की सफाई करेंगी। त्योहार के दौरान कूड़ा निस्तारण की प्रक्रिया भी नियमित रूप से जारी रहेगी। मुख्य बाजार, चौक-चौराहों और भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में विशेष ध्यान दिया जाएगा।

# शिया समुदाय ने प्रदर्शित किया रोष हुसैनाबाद मस्जिद में नारेबाजी

## इजरायल-अमेरिका के संयुक्त हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर के मारे जाने पर विरोध

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । लोरपुर ताजन स्थित मस्जिद हुसैनाबाद के परिसर में रविवार रात शिया समुदाय ने बैठक कर इजरायली और अमेरिकी संयुक्त हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह सैय्यद अली ख़ामेनेई के मारे जाने के विरोध में नारेबाजी की। इस दौरान माहौल शांतिपूर्ण रहते हुए समुदाय ने अपनी प्रतिक्रिया व्यक्त की।

कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन हुसैनिया रजिस्टर्ड हुसैनाबाद लोरपुर और मोमिनीन लोरपुर की ओर से किया गया था। सभा में उपस्थित लोगों ने वैश्विक घटनाओं पर अपने विचार प्रकट किए और क्षेत्र में शांति-सुरक्षा बनाए रखने का आह्वान भी किया। कार्यक्रम के अंत में शिया समुदाय के सदस्यों ने मजलूमों के हित में प्रार्थना की और भारत में अमन-ओ-अमान तथा आपसी भाईचारे को बनाए रखने के लिए विशेष दुआ की। वक्ताओं ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय घटनाओं को लेकर प्रतिक्रिया व्यक्त करते समय सामाजिक शांति और कानून-व्यवस्था का पूरी तरह पालन किया जाना आवश्यक है।

सभा में उपस्थित लोगों ने राष्ट्रीय एकता और सामाजिक सद्भाव कायम रखने पर भी बल दिया। उन्होंने स्थानीय प्रशासन और सुरक्षा एजेंसियों के सहयोग से नागरिक अधिकारों के सम्मान और सार्वजनिक शांति के प्रति समर्पण की बात कही।

### मस्जिद परिसर में शोक सभा और नारेबाजी

मस्जिद हुसैनाबाद के कैंपस में आयोजित शोक सभा में मौलाना अफराज़ हैदर खान, ज़ाकिरे करबला नेज़ाम अब्बास, मौलाना सैय्यद अली अरशद नक़वी, मौलाना सैय्यद इन्तेज़ार मेहदी फ़ैज़ी और मौलाना सैय्यद शारिब अब्बास ने संबोधित किया। वक्ताओं ने ताज़ियती जलसे के माध्यम से विश्व में शांति और भाईचारे पर ज़ोर दिया।

सभा के दौरान कुछ उपस्थित लोगों ने अमेरिका और इजरायल के खिलाफ नारों का इस्तेमाल किया। आयोजन में शामिल लोगों ने वैश्विक राजनीति पर अपनी आपत्ति जताई और घटनाओं पर चिंता व्यक्त की।

### न्यायालय के आदेश के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण

अंबेडकरनगर । जनपद के आलापुर क्षेत्र स्थित बिड़हर खास गांव में न्यायालय के स्पष्ट निर्देशों के बावजूद विवादित भूमि पर निर्माण कार्य जारी रहने का मामला सामने आया है। सिविल न्यायालय में विचाराधीन वाद में यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया था, लेकिन मौके पर निर्माण गतिविधियां रुक नहीं रही हैं। प्राप्त जानकारी के अनुसार न्यायालय के आदेश की प्रति संबंधित पक्षों को उपलब्ध कराई जा चुकी है। इसके बावजूद निर्माण कार्य जारी रहने से ग्रामीणों में नाराजगी है। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासन को कई बार मौखिक और लिखित सूचना दी गई, लेकिन अब तक कोई ठोस कार्रवाई नहीं हुई।

ग्रामीणों का आरोप है कि यदि न्यायालय ने यथास्थिति बनाए रखने का निर्देश दिया है तो मौके पर निर्माण कार्य कैसे जारी है। उनका कहना है कि आदेश के अनुपालन की जिम्मेदारी प्रशासन की होती है, लेकिन संबंधित अधिकारी सक्रिय नजर नहीं आ रहे।

## संचालन : कर्मा जगदीशपुर की महिला बनी ग्रामीण उद्यमिता की मिसाल

# एसवीईपी योजना से बदली निशा की तकदीर

तमसा संकेत, संवाददाता



अंबेडकरनगर । जिले के कर्मा जगदीशपुर गांव की निवासी निशा ने सीमित संसाधनों के बावजूद उद्यमिता के क्षेत्र में पहचान बनाई है। स्टार्ट-अप विलेज एंटरप्रेन्योरशिप प्रोग्राम (एसवीईपी) के सहयोग से शुरू किया गया उनका ब्यूटी पार्लर आज गांव और आसपास के क्षेत्रों में स्थापित व्यवसाय के रूप में संचालित हो रहा है।

निशा का परिवार आर्थिक रूप से कमजोर रहा। घरेलू जरूरतों और बच्चों की पढ़ाई के लिए अक्सर आर्थिक संकट का सामना करना पड़ता था। इसी बीच उन्होंने जय भीम स्वयं सहायता समूह की सदस्यता ली। समूह की बैठकों के दौरान उन्हें एसवीईपी योजना की जानकारी मिली, जिसके तहत ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।

निशा भविष्य में अपने व्यवसाय का विस्तार करना चाहती हैं। उनकी योजना पार्लर में हेयर कलरिंग, ब्राइडल मेकअप, स्पा ट्रीटमेंट और नेल आर्ट जैसी उन्नत सेवाएं शुरू करने की है। इसके लिए आधुनिक उपकरण खरीदने की तैयारी की जा रही है। लक्ष्य है कि पार्लर को आधुनिक ब्यूटी स्टूडियो के रूप में विकसित किया जाए। उपायुक्त स्वतः रोजगार सुरेंद्र प्रताप सिंह के अनुसार एसवीईपी योजना ग्रामीण महिलाओं को स्वरोजगार से जोड़ने में प्रभावी साबित हो रही है। छोटे ऋण और प्रशिक्षण के माध्यम से महिलाएं स्थानीय स्तर पर व्यवसाय स्थापित कर रही हैं।

### 40 हजार के निवेश से नवंबर 2021 में शुरुआत

योजना के तहत निशा को 10 हजार रुपये का ऋण मिला। इसके साथ उन्होंने अपनी 30 हजार रुपये की बचत जोड़ी और कुल 40 हजार रुपये की पूंजी से नवंबर 2021 में 'निशा ब्यूटी पार्लर' की शुरुआत की। प्रारंभ में पार्लर में हेयर कट, फेशियल, मेहंदी और बेसिक ब्यूटी ट्रीटमेंट जैसी सेवाएं उपलब्ध कराई गईं। उचित शुल्क, व्यवहारिकता और सेवाओं की गुणवत्ता के कारण पार्लर को जल्द ही ग्राहकों का भरोसा मिला। बढ़ती मांग को देखते हुए निशा ने धीरे-धीरे आधुनिक सुविधाएं भी जोड़ीं। आय में वृद्धि होने पर उन्होंने समय से ऋण चुका दिया।

### परिवार की आर्थिक स्थिति में सुधार

पार्लर से होने वाली आमदनी से परिवार की आर्थिक स्थिति मजबूत हुई है। बच्चों की पढ़ाई नियमित रूप से चल रही है और घरेलू खर्च व्यवस्थित तरीके से पूरे हो रहे हैं। पहले जहां छोटी जरूरतों के लिए उधार लेना पड़ता था, अब ऐसी स्थिति नहीं है। निशा का उद्यम गांव की अन्य महिलाओं के लिए भी प्रेरक बना है। पार्लर में स्थानीय महिलाओं को रोजगार का अवसर मिला है, जिससे अतिरिक्त आय के साधन विकसित हुए हैं। गांव की महिलाओं को अब ब्यूटी सेवाओं के लिए शहर नहीं जाना पड़ता, जिससे समय और खर्च दोनों की बचत हो रही है।

# सम्पादकीय

## खामेनेई के बाद ईरान का भविष्य, बाहरी दबाव से प्रतिरोध और बढ़ेगा



इजरायल ने अमेरिका के साथ साझा अभियान में ईरान पर हमला बोल ही दिया। हमले के शुरुआती दौर में ही ईरान के शीर्ष नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत से दोनों देशों ने अपने इरादे पूरी तरह जाहिर कर दिए थे। स्पष्ट है कि उन्होंने ईरान में विध्वंस ही नहीं, बल्कि सत्ता परिवर्तन की जिद को अपना लक्ष्य बना लिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने तो ईरान की जनता का आह्वान तक कर दिया है कि अपने देश की कमान अपने हाथ में लीजिए और ऐसा मौका फिर पता नहीं कब मिले। देखा जाए तो ईरान पर यह हमला किसी आसन्न खतरे से अधिक अमेरिकी सत्ता प्रतिष्ठान के राजनीतिक गुणा-गणित, इजरायल की सुरक्षा चिंताओं और तथाकथित डोनरो सिद्धांत की आक्रामक महत्वाकांक्षाओं का परिणाम है। डोनरो सिद्धांत के जरिये ट्रंप अमेरिकी प्रभुत्व का व्यापक विस्तार करना चाहते हैं। साल की शुरुआत में वेनेजुएला में तख्तापलट और ग्रीनलैंड को लेकर कड़े तेवर इसी रणनीति का हिस्सा रहे हैं। इसी कड़ी में अब ईरान पर बड़ा हमला किया गया है। अब अमेरिकी एजेंडा ईरान में सत्ता परिवर्तन का भले हो, लेकिन इतिहास साक्षी है कि जहां समाज, सेना और राज्य–सत्ता की जड़ें गहरी हों, वहां केवल बाहरी बमबारी से सत्ता की संरचना को नहीं बदला जा सकता। खामेनेई की मौत के संदर्भ में ट्रंप प्रशासन शीर्ष नेतृत्व के सफाए और वास्तविक सत्ता परिवर्तन के बीच के अंतर को या तो समझ नहीं पाया या फिर उसे अनदेखा कर रहा है। याद रहे कि ईरानी इस्लामी गणराज्य कोई एक व्यक्ति की तानाशाही नहीं, बल्कि समानांतर संस्थाओं वाला एक हाइब्रिड मॉडल है। यह मॉडल सर्वोच्च नेता के ऊपर सैद्धांतिक वैधता के छत्र तले रिवोल्यूशनरी गार्ड यानी आईआरजीसी, बसीज मिलीशिया, गार्जियन काउंसिल, विशेषज्ञ सभा, न्यायपालिका और विशाल धार्मिक-आर्थिक ट्रस्टों के संजाल से मिलकर बनता है। यह राजनीतिक, आर्थिक एवं सामाजिक पहलुओं पर नियंत्रण रखते हुए दमन का सहारा भी लेता है। इस संरचना के एक सिरे को उड़ा देने भर से यह समाप्त नहीं होती, बल्कि और खतरनाक रूप भी ले लेती है। वर्तमान परिस्थितियों में ईरान में जो संभावित परिदृश्य आकार लेते दिख रहे हैं, उसमें संभव है कि किसी प्रतीकात्मक धर्मगुरु को केंद्र में रखते हुए आईआरजीसी ही कमान अपने हाथ में ले। इस तरह मुल्ला-राज की जगह सैन्य-राज शुरू होगा और व्यवस्थागत तानाशाही जस की तस रहेगी। दूसरे परिदृश्य में संभव है कि आईआरजीसी के भीतर मजहबी ताकतों और प्रांतीय कमांडरों के बीच लंबी खींचतान और गुटीय संघर्ष की स्थिति बने, जिसमें अस्पष्ट सत्ता साझेदारी और हिंसक अस्थिरता कायम रह सकती है। तीसरी स्थिति जनविद्रोह की भी दिखती है जिसमें जनवरी में हुए व्यापक प्रदर्शनों और अब खामेनेई की हत्या से उपजी भावनाओं के बल पर कोई नया राजनीतिक संतुलन बनाने की जुगत हो सकती है। हालांकि सांगठनिक ढांचे का अभाव और नेतृत्व के स्तर पर निर्वात से यह संभावना कमजोर ही दिखती है। चौथी स्थिति चारों तरफ अफरा-तफरी फैलने की भी हो सकती है। हालांकि इसके आसार अभी बहुत कम दिखते हैं, लेकिन यदि ऐसा हुआ तो क्षेत्रीय एवं वैश्विक व्यवस्था के लिए इसके परिणाम बहुत घातक होंगे। पुराने अनुभव यही बताते हैं कि हवाई हमलों से परमाणु ठिकाने नष्ट किए जा सकते हैं, प्रतिद्वंद्वी सेना को निस्तेज किया जा सकता है, नेताओं की हत्या की जा सकती है, लेकिन राज्य की आंतरिक राजनीतिक संरचना को पूरी तरह नहीं बदला जा सकता। लीबिया को छोड़कर कोई उदाहरण याद नहीं आता, जहां केवल हवाई हमलों और सीमित जमीनी दखल से स्थिर एवं लोकतांत्रिक शासन व्यवस्था स्थापित हुई हो। हालांकि आज वह भी अव्यवस्था का शिकार है। उसके उलट ईरान को देखें तो प्रतिरोध को लेकर उसका लंबा इतिहास रहा है। वह अपेक्षाकृत साधन संपन्न भी है। जब 1980–88 के युद्ध में लाखों जानें गंवा कर भी उसने झुकने से इन्कार किया था तो क्या वह अब अपने शीर्ष नेता को मार गिराए जाने से समर्पण कर देगा? ईरानी समाज की अंतर्वस्तु भी कुछ और कहानी कहती है। 1979 के बाद पैदा हुई तीन चौथाई आबादी के लिए इस्लामी गणराज्य का अनुभव राजनीतिक दमन के साथ-साथ सामाजिक एवं आर्थिक नियंत्रण का भी रहा है। क्या पहनें, क्या सुनें, क्या पढ़ें, किससे प्रेम करें, किससे विवाह करें, इन सब पर निगरानी। इसकी प्रतिक्रिया में यह समाज आज पश्चिम एशिया में कुछ सेक्युलर दिखता है। जनता के एक वर्ग में अमेरिका विरोधी भावनाएं भी कम हैं। इसके बावजूद असंतोष और लोकतांत्रिक संक्रमण के बीच गहरी खाई कायम है।

# युद्ध नहीं, शांति ही बदलती दुनिया की अनिवार्य अपेक्षा

> शांति, सहअस्तित्व और संवाद का संदेश केवल भाषणों तक सीमित न रहकर ठोस कूटनीतिक पहलों में दिखना चाहिए। रक्षा आत्मनिर्भरता, डिजिटल और हरित अर्थव्यवस्था को आगे बढ़ाता है, तो वह वैश्विक संकटों के बीच भी स्थिरता बनाए रख सकता है।

नई बनती दुनिया का चेहरा जितनी तेजी से बदल रहा है, उतनी ही तेजी से वैश्विक असुरक्षा की भावना भी गहराती जा रही है। अमेरिका, इजरायल और ईरान के बीच बढ़ता टकराव केवल क्षेत्रीय संघर्ष नहीं है, बल्कि वह एक ऐसे वैश्विक असंतुलन का संकेत है जिसमें शक्ति संतुलन की पुरानी व्यवस्थाएं टूट रही हैं और नई विश्व-व्यवस्था अभी स्थिर रूप नहीं ले सकी है। जब महाशक्तियां प्रत्यक्ष या परोक्ष युद्ध में उतरती हैं, तब उसका प्रभाव सीमाओं से परे जाकर समूची मानवता को प्रभावित करता है। ऊर्जा बाजार, आपूर्ति श्रृंखलाएं, मुद्रा विनिमय दरें, शेयर बाजार, खाद्य सुरक्षा, शांतिपूर्ण मानव जीवन और कूटनीतिक समीकरण-सब कुछ अनिश्चितता के घेरे में आ जाता है। मध्यपूर्व में किसी भी बड़े युद्ध का पहला असर तेल आपूर्ति पर पड़ता है। होर्मुज जलडमरूमध्य से गुजरने वाली वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति यदि बाधित होती है तो तेल की कीमतें आसमान छूने लगती हैं। भारत जैसे ऊर्जा-आयातक देश के लिए यह स्थिति दोहरी चुनौती लेकर आती है-एक ओर आयात बिल बढ़ता है, दूसरी ओर महंगाई और राजकोषीय दबाव में वृद्धि होती है। यदि कच्चे तेल के दाम बढ़ते हैं तो परिवहन, उर्वरक, बिजली और विनिर्माण लागत में वृद्धि अनिवार्य है, जिसका सीधा असर आम नागरिक की जेब पर पड़ता है। वैश्विक वित्तीय बाजार पहले ही अनिश्चितता से जूझ रहे हैं, ऐसे में लंबा खिंचता युद्ध निवेश और विकास की गति को भी धीमा कर सकता है। ईरान और अमेरिका के बीच बढ़ता टकराव केवल दो देशों का संघर्ष नहीं, बल्कि बदलती विश्व-व्यवस्था की परीक्षा है। ऐसे समय में युद्ध को तेज़ करने के बजाय उसे रोकने की कोशिशों को और अधिक गति देने की आवश्यकता है। दोनों पक्षों से परिपक्वता और संयम की अपेक्षा है, विशेषकर अमेरिका से, जो स्वयं को वैश्विक नेतृत्व की भूमिका में देखता है और जिसे शक्ति के साथ-साथ जिम्मेदारी का भी परिचय



देना चाहिए। एक तेल उत्पादक देश के रूप में ईरान का अस्तित्व और स्थिरता विश्व अर्थव्यवस्था के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है; वहां की अस्थिरता ऊर्जा बाजार से लेकर विकासशील देशों की वित्तीय संरचना तक को प्रभावित कर सकती है। हालिया हमलों में सैकड़ों लोगों के मारे जाने, हजारों के घायल होने और बड़ी संख्या में लोगों के फंसे होने की खबरें मानवता के लिए गहरी चिंता का विषय हैं। ईरान में शीर्ष नेतृत्व पर हमलों और उसके बाद तेहरान आदि मुस्लिम देशों की तीखी प्रतिक्रियाओं ने पश्चिम एशिया के हालात को और अधिक विस्फोटक बना दिया है। यह संघर्ष केवल पश्चिम एशिया तक सीमित नहीं रहेगा; इसका प्रभाव दक्षिण एशिया की भू-राजनीति, समुद्री मार्गों की सुरक्षा, वैश्विक कूटनीतिक संतुलन और विश्व अर्थव्यवस्था पर दूरगामी होगा। युद्ध आर्थिक संकट ही नहीं लाता, वह सामाजिक ताने-बाने को तोड़ता है, सांस्कृतिक संवाद को बाधित करता है और राष्ट्रों के बीच अविश्वास की दीवारें ऊंची करता है। आज आवश्यकता इस बात की है कि बदलती दुनिया में सह-अस्तित्व, संवाद और बहुपक्षीय सहयोग की भावना को पुनर्जीवित किया जाए। शक्ति प्रदर्शन के स्थान पर समझदारी, प्रतिशोध के स्थान पर कूटनीति और वर्चस्व के स्थान पर साझी जिम्मेदारी-इन्हीं मूल्यों से विश्व को स्थिरता मिल सकती है। यह संघर्ष केवल आर्थिक नहीं, बल्कि वैचारिक और भू-राजनीतिक भी है। यूक्रेन संकट के बाद विश्व पहले ही ध्रुवीकरण की दिशा में बढ़ चुका था। अब यदि पश्चिम एशिया में स्थायी अस्थिरता पैदा होती है तो वैश्विक दक्षिण के देशों के लिए संतुलन साधना कठिन हो जाएगा। भारत एक ओर अमेरिका और यूरोपीय देशों के साथ रणनीतिक साझेदारी बढ़ा रहा है, तो दूसरी ओर ईरान के साथ उसके ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और ऊर्जा संबंध भी रहे हैं। इसके साथ ही इजरायल के साथ रक्षा और तकनीकी सहयोग भी मजबूत हुआ है। ऐसे में किसी एक पक्ष के साथ खुलकर खड़े होना भारत की बहुस्तरीय विदेश नीति के लिए जटिल प्रश्न बन सकता है। भारत की विशेष चिंता यह भी है कि मध्यपूर्व में लगभग 90 लाख भारतीय कार्यरत हैं। यदि युद्ध की आग फैलती है तो न केवल उनकी सुरक्षा खतरे में पड़ेगी, बल्कि भारत को मिलने वाली अरबों डॉलर की प्रेषण राशि पर भी प्रभाव पड़ेगा। इसके अतिरिक्त, लाल सागर और खाड़ी क्षेत्र में समुद्री मार्गों पर तनाव बढ़ने से व्यापारिक शिपमेंट महंगे हो सकते हैं। यह परिस्थिति भारत के विकास पथ पर दबाव डाल सकती है, जो अभी विश्व की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में गिना जा रहा है। ऐसे समय में भारत की भूमिका केवल एक प्रभावित राष्ट्र की नहीं, बल्कि एक संभावित मध्यस्थ और संतुलनकर्ता की भी हो सकती है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पिछले वर्षों में बहुध्रुवीय कूटनीति की जो नीति अपनाई है, वह इसी प्रकार की जटिल परिस्थितियों में उपयोगी सिद्ध हो सकती है। भारत ने एक ओर अमेरिका के साथ सामरिक साझेदारी को सुदृढ़ किया है, वहीं रूस से ऊर्जा सहयोग बनाए रखा है और पश्चिम एशिया के देशों के साथ भी संतुलित संबंध कायम रखे हैं। यह 'रणनीतिक स्वायत्तता' की नीति भारत को किसी एक खेमे में बंधने से बचाती है। भारत का यह दृष्टिकोण उसे संवाद और शांति प्रयासों के लिए विश्वसनीय मंच प्रदान कर सकता है।

भारत इस समय ब्रिक्स की अध्यक्षता कर रहा है, जिसमें ईरान भी सदस्य बन चुका है। यह मंच वैश्विक दक्षिण की आवाज को सशक्त करने का अवसर देता है। यदि भारत इस मंच के माध्यम से युद्धविराम, संवाद और बहुपक्षीय समाधान की पहल करता है, तो वह न केवल अपनी कूटनीतिक विश्वसनीयता बढ़ा सकता है, बल्कि वैश्विक स्थिरता में भी योगदान दे सकता है। संयुक्त राष्ट्र की निष्क्रियता या सीमित प्रभाव के बीच मध्यम शक्तियों की भूमिका बढ़ना स्वाभाविक है। भारत, जो स्वयं उपनिवेशवाद और शीत युद्ध की राजनीति से सीख लेकर उभरा है, शांति-आधारित बहुपक्षवाद का पक्षधर बन सकता है। दूसरी ओर, दक्षिण एशिया में भी चुनौतियां कम नहीं हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान के बीच बढ़ते तनाव और आंतरिक अस्थिरता का प्रभाव भारत की सुरक्षा और क्षेत्रीय संतुलन पर पड़ सकता है। यदि पश्चिम एशिया में अस्थिरता बढ़ती है और साथ ही दक्षिण एशिया में भी उथल-पुथल होती है, तो भारत को दो मोर्चों पर रणनीतिक सतर्कता रखनी होगी। आतंकवाद, कट्टरता और अवैध हथियारों का प्रसार ऐसे वातावरण में बढ़ सकता है।

■ ललित गर्ग

## जब हम किसी...

बाबूलाल नागा

# होली के रंगों में घुलता बंधुता का संदेश: जाति-धर्म से परे संवैधानिक मूल्यों का संकल्प

फाल्गुन का महीना आते ही हवा में एक अलग-सी उमंग घुलने लगती है। खेतों में पकती फसल, गांवों की चौपालों पर गूंजते फाग और शहरों की गलियों में सजती रंग-गुलाल की दुकानें—सब मिलकर संकेत देते हैं कि होली का पर्व आ गया है। परंतु होली केवल रंगों और उल्लास का उत्सव नहीं है, यह समाज को आत्ममंथन का अवसर भी देता है। यह वह क्षण है जब हम अपने भीतर और अपने आसपास फैली दूरियों को पहचानकर उन्हें मिटाने का संकल्प ले सकते हैं। भारत की आत्मा उसकी विविधता में बसती है। यहां अनेक धर्म, भाषाएं, संस्कृतियां और परंपराएं साथ-साथ सांस लेती हैं। लेकिन यह भी एक सच्चाई है कि समय-समय पर जाति, धर्म और संकीर्ण पहचान के आधार पर समाज में दरारें उभरती रही हैं। ऐसे में होली का त्योहार हमें याद दिलाता है कि रंगों की तरह ही हमारी पहचानें भी अलग-अलग हो सकती हैं, परंतु उनका उद्देश्य एक सुंदर और समरस चित्र बनाना है। हमारे संविधान की प्रस्तावना में "न्याय, स्वतंत्रता, समानता और बंधुता" का जो संकल्प दर्ज है, वह केवल शब्दों का अलंकार नहीं बल्कि भारतीय लोकतंत्र की आत्मा है। बंधुता का अर्थ है—एक-दूसरे को अपना मानना, सम्मान देना और साझा भविष्य की कल्पना करना। यदि समाज में भाईचारा कमजोर होगा, तो समानता और न्याय भी अधूरे रह जाएंगे। इसलिए होली का पर्व हमें संवैधानिक मूल्यों को जीवन में उतारने का अवसर देता है। आज के दौर में जब सामाजिक और राजनीतिक विमर्श कई बार विभाजनकारी रेखाएं खींचता दिखाई देता है, तब होली का संदेश और भी प्रासंगिक हो जाता है। यह पर्व कहता है कि



मतभेद स्वाभाविक हैं, पर मनभेद घातक। लोकतंत्र में विचारों की विविधता शक्ति है, कमजोरी नहीं। परंतु जब विचारों का अंतर वैमनस्य में बदल जाता है, तब समाज का ताना-बाना कमजोर होने लगता है। ऐसे समय में रंगों का यह उत्सव हमें संवाद, सहिष्णुता और सहभागिता का मार्ग दिखाता है।ग्रामीण भारत में होली अक्सर सामाजिक मेल-मिलाप का माध्यम बनती है। चौपाल पर बैठकर गाए जाने वाले फाग केवल गीत नहीं होते, वे सामूहिकता की धुन होते हैं। शहरों में भी मोहल्लों और कॉलोनियों में लोग एक-दूसरे के घर जाकर रंग लगाते हैं। यह परंपरा हमें सिखाती है कि पड़ोसी केवल भौगोलिक निकटता नहीं, बल्कि सामाजिक रिश्ते का नाम है। यदि हम इस भावना को वर्षभर बनाए रखें, तो समाज में अविश्वास की जगह विश्वास पनप सकता है। हालांकि यह भी आवश्यक है कि हम होली के उत्सव को जिम्मेदारी और संवेदनशीलता के साथ मनाएं। किसी पर जबरन रंग डालना, अशालीन व्यवहार करना या किसी की धार्मिक-सांस्कृतिक भावनाओं को ठेस पहुंचाना, होली की भावना के विपरीत है। बंधुता का अर्थ यह नहीं कि हम दूसरों की सहमति और गरिमा की अनदेखी करें। असली भाईचारा वही है जिसमें सम्मान और मर्यादा दोनों शामिल हों। स्कूलों, कॉलेजों और सामाजिक संगठनों को भी इस अवसर का उपयोग संवैधानिक चेतना के प्रसार के लिए करना चाहिए। यदि होली के कार्यक्रमों में संविधान की प्रस्तावना का सामूहिक वाचन हो, सामाजिक समानता पर चर्चा हो और जाति-धर्म से परे एकता का संदेश दिया जाए तो यह त्योहार नई पीढ़ी के लिए प्रेरणास्रोत बन सकता है। पंचायत और स्थानीय संस्थाएं "सद्भाव होली" जैसे आयोजनों के माध्यम से विभिन्न समुदायों को एक मंच पर ला सकती हैं। आज जब डिजिटल युग में अफवाहें और भ्रामक सूचनाएं तेजी से फैलती हैं, तब सामाजिक सौहार्द बनाए रखना और भी चुनौतीपूर्ण हो गया है। ऐसे में हर नागरिक की जिम्मेदारी है कि वह शांति और सद्भाव का दूत बने। होली के अवसर पर यदि हम यह संकल्प लें कि हम न तो घृणा फैलाएंगे और न ही किसी प्रकार के भेदभाव को बढ़ावा देंगे, तो यह पर्व अपने वास्तविक उद्देश्य को प्राप्त करेगा। हमें यह समझना होगा कि संविधान केवल न्यायालयों और संसद तक सीमित दस्तावेज नहीं है। वह हमारे दैनिक जीवन का मार्गदर्शक है। जब हम किसी को उसकी जाति या धर्म से नहीं बल्कि उसकी मानवता से पहचानते हैं, तब हम वास्तव में संवैधानिक मूल्यों का पालन कर रहे होते हैं। होली हमें यही सीख देती है—रंग भले अलग हों पर मन एक होना चाहिए। इस वर्ष होली को केवल परंपरा के निर्वहन तक सीमित न रखें। इसे सामाजिक परिवर्तन का अवसर बनाएं। अपने मोहल्ले, गांव या शहर में ऐसा वातावरण बनाएं, जहां हर व्यक्ति बिना भय और भेदभाव के उत्सव में भाग ले सके।

## इसके बाद...

रामस्वरूप रावतसरे

# मॉरीशस और मालदीव में चागोस द्वीप समूह का तनाव क्या भारत को भी प्रभावित करेगा!

मॉरीशस ने मालदीव के साथ अपने सभी राजनयिक संबंध तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिए हैं। यह फैसला चागोस द्वीप समूह की संप्रभुता को लेकर मालदीव के बदले हुए रुख के बाद लिया गया है। दोनों ही देश भारत के करीबी मित्र माने जाते हैं, ऐसे में यह विवाद क्षेत्रीय राजनीति और सुरक्षा संतुलन के लिहाज से भी अहम हो जाता है। सवाल यह है कि आखिर चागोस द्वीप समूह को लेकर ऐसा क्या हुआ कि दो दोस्त देशों के रिश्ते इतनी तेजी से बिगड़ गए? चागोस द्वीप समूह हिंद महासागर के मध्य में स्थित 60 से अधिक छोटे द्वीपों का एक समूह है। यह मॉरीशस से लगभग 2,200 किलोमीटर उत्तर-पूर्व और मालदीव के दक्षिण में स्थित है। इसका सबसे बड़ा और सबसे महत्वपूर्ण द्वीप डिएगो गार्सिया है। भौगोलिक स्थिति के कारण यह इलाका सैन्य और रणनीतिक दृष्टि से बेहद अहम माना जाता है। यहाँ से मध्य पूर्व, दक्षिण एशिया और अफ्रीका के बड़े हिस्से पर नजर रखना आसान हो जाता है। इसी रणनीतिक महत्व के कारण अमेरिका ने शीत युद्ध के दौरान यहाँ अपना एक बड़ा सैन्य अड्डा स्थापित किया। आज भी डिएगो गार्सिया पर स्थित अमेरिकी सैन्य बेस दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण विदेशी सैन्य ठिकानों में गिना जाता है जिसका इस्तेमाल कई बड़े सैन्य अभियानों में किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार चागोस द्वीप समूह और मॉरीशस दोनों ही लंबे समय तक ब्रिटेन के उपनिवेश रहे। जब 1968 में मॉरीशस को आजादी मिलने वाली थी,



तब उससे तीन साल पहले 1965 में ब्रिटेन ने चागोस द्वीप समूह को मॉरीशस से अलग कर दिया। इसके बाद इस क्षेत्र को 'ब्रिटिश हिंद महासागर क्षेत्र' नाम दिया गया। मॉरीशस का आरोप रहा है कि यह फैसला उस पर दबाव डालकर लिया गया था और यह अंतरराष्ट्रीय कानून के खिलाफ है। ब्रिटेन ने इसके बदले मॉरीशस को मामूली मुआवजा दिया, जिसे मॉरीशस ने कभी भी न्यायसंगत नहीं माना। यहीं से चागोस को लेकर कानूनी और कूटनीतिक लड़ाई की नींव पड़ी। डिएगो गार्सिया पर सैन्य अड्डा बनाने के लिए अमेरिका की शर्त थी कि वहाँ कोई स्थानीय आबादी नहीं होनी चाहिए। इसके चलते 1967 से 1973 के बीच ब्रिटेन ने चागोस के करीब 1,500 से 2,000 मूल निवासियों को जबरन वहाँ से हटा दिया। इन लोगों को मॉरीशस और सेशेल्स में बसाया गया, लेकिन उन्हें अपने पैतृक द्वीप पर लौटने की अनुमति नहीं दी गई। यह जबरन विस्थापन अंतरराष्ट्रीय स्तर पर मानवाधिकार का गंभीर मुद्दा बन गया। दशकों से चागोस के मूल निवासी अपने घर लौटने की लड़ाई लड़ रहे हैं।


## जरा हटके

## यदि यह संघर्ष...

सौरभ वार्ष्णेय

# इजरायल-ईरान के छद्म युद्ध से क्या पश्चिम एशिया में बढ़ेगा तनाव?

पश्चिम एशिया लंबे समय से अस्थिरता का केंद्र रहा है, और इस अस्थिरता की एक प्रमुख धुरी है इजरायल और ईरान के बीच चल रहा छद्म युद्ध। यह टकराव प्रत्यक्ष युद्ध के बजाय परोक्ष हमलों, साइबर हमलों, खुफिया अभियानों और क्षेत्रीय संगठनों के माध्यम से लड़ा जाता रहा है। अब आशंका जताई जा रही है कि यह छद्म संघर्ष खुली सैन्य भिड़ंत का रूप ले सकता है जिससे पूरे पश्चिम एशिया में तनाव भड़क सकता है। दोनों देशों के बीच सीधे युद्ध भले ही कम देखने को मिला हो लेकिन विभिन्न मोर्चों पर अप्रत्यक्ष टकराव लगातार जारी रहा है। यही कारण है कि क्षेत्र में किसी भी छोटी घटना के बड़े संघर्ष में बदलने की आशंका बनी रहती है। विशेषज्ञों का मानना है कि यदि यह टकराव और बढ़ता है तो इसका असर पूरे पश्चिम एशिया पर पड़ सकता है। यह क्षेत्र वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति और महत्वपूर्ण व्यापार मार्गों का केंद्र है। इसलिए किसी भी बड़े सैन्य संघर्ष से अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था प्रभावित हो सकती है। दरअसल, इजरायल लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम और उसके बढ़ते क्षेत्रीय प्रभाव को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता रहा है। वहीं ईरान भी इजरायल की नीतियों और पश्चिमी देशों के साथ उसके गठजोड़ की खुलकर आलोचना करता रहा है। इस वैचारिक और सामरिक टकराव ने दोनों देशों के रिश्तों को लगातार तनावपूर्ण बनाए रखा है। ईरान और इजरायल के बीच वैचारिक और रणनीतिक मतभेद गहरे



हैं। इजरायल जहां ईरान के परमाणु कार्यक्रम को अपनी सुरक्षा के लिए खतरा मानता है, वहीं ईरान इजरायल की क्षेत्रीय नीतियों का विरोध करता है। सीरिया, लेबनान और गाजा जैसे क्षेत्रों में दोनों देशों का प्रभाव टकराता रहा है। लेबनान में सक्रिय हिज़्बुल्लाह और गाजा में हमास जैसे संगठनों को लेकर इजरायल और ईरान के बीच आरोप-प्रत्यारोप और हमलों का सिलसिला चलता रहा है। हाल के वर्षों में दोनों देशों के बीच साइबर हमलों, ड्रोन हमलों और गुप्त अभियानों की खबरें सामने आती रही हैं। हालांकि दोनों पक्ष अक्सर प्रत्यक्ष जिम्मेदारी स्वीकार नहीं करते, लेकिन क्षेत्रीय विशेषज्ञ इसे शैडो वॉर यानी छद्म युद्ध की संज्ञा देते हैं। यदि यह संघर्ष खुलकर सामने आता है तो इसका प्रभाव केवल दो देशों तक सीमित नहीं रहेगा। पश्चिम एशिया वैश्विक ऊर्जा आपूर्ति का प्रमुख केंद्र है। किसी भी बड़े सैन्य टकराव से तेल की कीमतों में उछाल, वैश्विक बाजारों में अस्थिरता और अंतरराष्ट्रीय कूटनीतिक संकट पैदा हो सकता है। इसके अलावा अमेरिका और अन्य वैश्विक शक्तियों की भूमिका भी महत्वपूर्ण हो जाएगी, जिससे संघर्ष का दायरा और व्यापक हो सकता है। ऐसे समय में सबसे बड़ी आवश्यकता संयम और संवाद की है। क्षेत्र पहले ही सीरिया, यमन और गाजा जैसे संघर्षों से प्रभावित है। एक और बड़े युद्ध की संभावना पूरे क्षेत्र को दीर्घकालिक अस्थिरता की ओर धकेल सकती है। इजरायल और ईरान के बीच लंबे समय से जारी छद्म युद्ध यदि भड़कता है, तो इसका असर केवल पश्चिम एशिया ही नहीं बल्कि वैश्विक राजनीति और अर्थव्यवस्था पर भी गहरा पड़ेगा। कूटनीतिक प्रयासों और अंतरराष्ट्रीय मध्यस्थता के जरिए ही इस संभावित संकट को टाला जा सकता है। आज की परस्पर जुड़ी हुई दुनिया में किसी एक क्षेत्र में पैदा हुआ संकट केवल स्थानीय नहीं रहता, बल्कि उसका असर अंतरराष्ट्रीय अर्थव्यवस्था और वैश्विक सुरक्षा व्यवस्था तक फैल जाता है। वैश्विक राजनीति, व्यापार और तकनीकी प्रतिस्पर्धा के बढ़ते तनाव के बीच यह आशंका और भी प्रबल हो गई है कि यदि बड़े देशों के बीच टकराव या आर्थिक प्रतिबंधों की स्थिति बनती है तो उसका प्रभाव पूरी दुनिया की आर्थिक स्थिरता और सुरक्षा ढांचे पर पड़ सकता है। हाल के वर्षों में विश्व ने कई उदाहरण देखे हैं, जैसे रूस-यूक्रेन युद्ध ने ऊर्जा, खाद्यान्न और आपूर्ति श्रृंखला को गंभीर रूप से प्रभावित किया। यूरोप में गैस संकट गहराया और दुनिया भर में महंगाई बढ़ी। इसी तरह पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव ने तेल की कीमतों को अस्थिर बना दिया, जिससे विकासशील देशों की अर्थव्यवस्था पर अतिरिक्त दबाव पड़ा। वैश्विक अर्थव्यवस्था का बड़ा हिस्सा अब आपूर्ति श्रृंखलाओं और तकनीकी सहयोग पर निर्भर है। यदि बड़े देशों के बीच व्यापारिक प्रतिबंध या आर्थिक प्रतिस्पर्धा तेज होती है, जैसा कि संयुक्त राज्य अमेरिका और चीन के बीच देखने को मिलता है, तो इसका असर पूरी दुनिया के बाजारों पर पड़ता है। चिप निर्माण, कृत्रिम बुद्धिमत्ता, और डिजिटल तकनीक के क्षेत्र में बढ़ती प्रतिस्पर्धा भी वैश्विक आर्थिक संतुलन को प्रभावित कर सकती है। इसके साथ-साथ सुरक्षा व्यवस्था भी प्रभावित होती है। जब देशों के बीच अविश्वास बढ़ता है तो सैन्य खर्च बढने लगता है और कूटनीतिक संवाद कमजोर पड़ जाता है। कई देश अपने-अपने सैन्य गठबंधनों को मजबूत करने लगते हैं, जिससे वैश्विक शक्ति संतुलन में बदलाव आता है। यह स्थिति लंबे समय में शांति और स्थिरता के लिए चुनौती बन सकती है। ऐसे समय में अंतरराष्ट्रीय संस्थाओं और बहुपक्षीय संवाद की भूमिका अत्यंत महत्वपूर्ण हो जाती है। संयुक्त प्रयासों से ही आर्थिक स्थिरता बनाए रखी जा सकती है और सुरक्षा संबंधी तनाव को कम किया जा सकता है। दुनिया के बड़े देशों को यह समझना होगा कि प्रतिस्पर्धा के बावजूद सहयोग ही स्थायी विकास और वैश्विक शांति का आधार बन सकता है।

### बोले- दोबारा शिकायत न मिले, काशी विश्वनाथ मंदिर में सिपाही ने बाल खींचे थे

# योगी ने बटुक से मारपीट करने पर पुलिस को लगाई फटकार



**बैठक**

**तमसा संकेत, एजेंसी**

वाराणसी। सीएम योगी 2 दिवसीय वाराणसी दौरे पर हैं। पहले दिन रविवार को उन्होंने सर्किट हाउस में बैठक की। इस दौरान उन्होंने काशी विश्वनाथ मंदिर में बटुक के साथ मारपीट को लेकर अफसरों को फटकार लगाई। नाराजगी जताते हुए कहा कि दर्शनार्थियों के साथ पुलिस को दुर्व्यवहार नहीं करना चाहिए। यहां दुर्व्यवस्था की भी शिकायत नहीं मिलनी चाहिए। दरअसल, 27 फरवरी को काशी में बाबा विश्वनाथ धाम के गेट पर सिपाही ने एक बटुक



को पीट दिया था। सिपाही ने उसे 3 थप्पड़ जड़े थे। फिर दरोगा ने उसके बाल खींचे और धक्का देकर बैरिकेडिंग के पीछे कर दिया था। उसे लाइन में लगने नहीं दिया था। सीएम ने कहा कि काशी विश्वनाथ कॉरिडोर में निर्मित दुकानों तक श्रद्धालुओं की पहुंचने की व्यवस्था की जाए। मंदिर में मिलने वाली सामग्रियों का मूल्य ठीक हो। धार्मिक संस्थाएं पैसा कमाने का जरिया नहीं, बल्कि श्रद्धा का स्थल हैं, इसलिए श्रद्धालुओं के लिए इन स्थानों पर बेहतर व्यवस्था की जाए।

> **योगी ने कहा कि मैनपावर बढ़ाकर मणिकर्णिका और हरिश्चंद्र घाट के निर्माण कार्य में तेजी लाएं। घाटों और मंदिरों के पास निर्माण कार्य के दौरान ऐतिहासिक धरोहरों का प्रत्येक दशा में संरक्षण किया जाए। कोई भी नई परंपरा की अनुमति नहीं दी जाए। तेज आवाज वाले साइलेंसर, प्रेशर हॉर्न का प्रयोग करने वालों पर कार्रवाई हो। सड़कों पर अतिक्रमण कर वाहन पार्क न हों। ऐसे लोगों पर कार्रवाई की जाए।**

कहा कि कोडिन कफ सिरप के मामलों में अवैध कारोबार में शामिल वास्तविक जिम्मेदार लोगों पर कार्रवाई की जाए। कहीं भी अवैध एवं जहरीली शराब की बिक्री न हो। शराब के अवैध टांसपोर्टेशन पर कड़ी नजर रखें।

### योगी ने कहा- पुलिस अपनी कार्यशैली में सुधार लाए

रविवार को सर्किट हाउस सभागार में विकास कार्यों, निर्माण परियोजनाओं और कानून व्यवस्था की समीक्षा की। उन्होंने कहा कि मंदिर प्रशासन को व्यवस्था में सुधार लाना चाहिए, जिससे यहां आने वाले भक्तों को दिक्कत न हो। साथ ही पुलिस को भी सुधार करना चाहिए। उन्होंने कहा कि अब भविष्य में ऐसी शिकायतें नहीं मिलनी चाहिए। अपराध पर किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। अपराधियों के साथ किसी तरह की ढील नहीं चलेगी। सीएम ने आने वाले त्योहारों को लेकर भी समीक्षा की। उन्होंने कहा कि होली पर हुड़दंग करने वालों पर कार्रवाई हो। त्योहार शांतिपूर्वक निपट सकें, इसके लिए पुलिस और प्रशासन के अधिकारी 24 घंटे मुस्तैद रहें।

# गो-माता को खरोंच पहुंचाने की किसकी औकात : केशव

### काशी में कहा- शंकराचार्य हमारे भगवान, अखिलेश से बड़ा ढोंगी नहीं देखा

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी। यूपी के डिप्टी सीएम केशव मौर्य ने काशी में शंकराचार्य अविमुक्तेश्वरानंद के प्रति श्रद्धा व्यक्त की। उन्होंने कहा कि शंकराचार्य का स्थान सर्वोपरि है। वे भगवान शंकराचार्य हैं। वे कहीं भी जाएंगे हम उनका स्वागत करेंगे। एक रामभक्त होने के नाते मैं खुद ही उनका अभिनंदन करने को तैयार हूं। शंकराचार्य के यूपी सरकार में गोहत्या के आरोपों पर भी डिप्टी सीएम ने जवाब दिया। उन्होंने कहा- यूपी में अब कानून का राज है। गो माता के प्रति देश-प्रदेश की सरकार आस्था रखती है। किसी भी अपराधी या हत्यारे की इतनी हैसियत नहीं कि वह गौ माता को नुकसान पहुंचा सके। सपा प्रमुख अखिलेश यादव को केशव ने ढोंगी बताया। प्रयागराज के माघ मेले में बटुकों की चोटी खींचे जाने को लेकर बवाल हुआ था। इसके बाद से शंकराचार्य और सीएम योगी एक-दूसरे को लेकर हमलावर हैं। वहीं, इस पूरे मामले में शुरू से ही केशव मौर्य शंकराचार्य के पक्ष में बोलते रहे हैं। जबकि, शंकराचार्य ने सरकार में केशव को बिना पावर वाला कहा था। गो हत्यारों को पता है कि उत्तर प्रदेश में गाय माता हैं। इसलिए गाय की रक्षा और सुरक्षा करना सबकी जिम्मेदारी है। गौ माता सबको दूध देती हैं। उन्हीं से सबका पालन होता है। हम मानते हैं कि गौ माता के शरीर में 35 करोड़ देवी-देवताओं का वास होता है। गो माता तो हैं हीं, उन्हें दर्जा देने की क्या जरूरत। दरअसल, शंकराचार्य ने सीएम योगी को खुद को हिंदू साबित करने के लिए 40 दिन का समय दिया था। इस दौरान उन्होंने इस बात की भी मांग की थी कि यूपी में सभी स्लॉटर हाउस बंद होने चाहिए। इसके साथ ही प्रदेश में गाय को राज्य माता का दर्जा मिलना चाहिए। अखिलेश यादव एक ढोंगी व्यक्ति हैं। उन्होंने हमेशा रामभक्तों और शिवभक्तों, गौ भक्तों का दमन और गौ तस्करों का संरक्षण किया है। सपा सरकार में हमेशा हिंदुओं पर अत्याचार किया गया है। मुस्लिम तुष्टिकरण करने का काम किया। अखिलेश के शंकराचार्य को समर्थन देने को लेकर केशव ने पलटवार किया।

**फास्ट न्यूज**

### होली के दिन भी एक्टिव मोड में होंगे कंट्रोल रूम

वाराणसी। होली पर्व को देखते हुए UP बोर्ड की परीक्षा में किसी तरह की लापरवाही न हो इसके लिए सख्त गाइड-लाइन जारी किया गया है। परीक्षा केंद्रों व स्ट्रांग रूम की निगरानी के लिए जो कंट्रोल रूम बनाए गए हैं वह प्रतिदिन 24 घंटे सक्रिय रहेंगे। इस संबंध में DIOS को शिक्षा निदेशक की ओर से निर्देशित किया गया है। (माध्यमिक) डॉ. महेंद्र देव की ओर से स्पष्ट निर्देश दिया गया है।

### ससुर-दामाद को लगा करंट, हालत गंभीर

पानीपत। पानीपत जिले के नजदीकी गांव पसीना कलां में खाना बनाने के लिए पेड़ से लकड़ियां तोड़ना ससुर और दामाद के लिए काल बन गया। लकड़ियां तोड़ते समय पेड़ की टहनी हाई वोल्टेज बिजली की तारों पर जा गिरी, जिसकी चपेट में आने से दोनों बुरी तरह झुलस गए। गंभीर हालत में दोनों को पानीपत के सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायलों की पहचान ससुर और दामाद के रूप में हुई है, जो मूल रूप से उत्तर प्रदेश के मुरादाबाद जिले के निवासी हैं। जानकारी के अनुसार, दोनों वर्तमान में पसीना कलां गांव में रहकर एक आयुर्वेदिक दवाखाना (क्लीनिक) चलाते हैं और यहीं रहकर लोगों का इलाज करते हैं।

### लोको पायलट को पत्नी ने बाल पकड़कर पीटा

गोंडा। गोंडा में लोको पायलट को पत्नी ने पीट दिया। उसने बाल पकड़कर कोहनी मारी। सिर पर घूंसे मारे। इसके बाद किचन से पानी की बोतल लेकर आई और मारने दौड़ी तो पति ने भागकर अपनी जान बचाई। पति से वो बार-बार अपना मोबाइल वापस मांग रही थी। इसके बाद उसने अपनी सास को भी ताबड़तोड़ थप्पड़ मारे। मारपीट के पूरी वारदात घर में लगे सीसीटीवी में कैद हो गई। जिसके फुटेज सामने आए हैं।

# सोनीपत की नहर में डूबा यूपी का युवक

### पेड़ से रस्सी बांधकर पानी में उतरा, पैर फिसलने की आशंका

**तमसा संकेत, एजेंसी**



सोनीपत। सोनीपत में रोहतक रोड पर स्थित रिलायंस नहर में 20 वर्षीय युवक के डूबने का मामला सामने आया है। सूचना मिलते ही क्षेत्र में हड़कंप मच गया। घटना के बाद से पुलिस और एसडीआरएफ की टीम लगातार नहर में सर्च ऑपरेशन चला रही है। मौके पर पुलिस प्रशासन और एनडीआरएफ की टीम युवक की तलाश में जुटी है। युवक का कोई सुराग नहीं लग पाया है। पुलिस मामले में जांच कर रही है। जानकारी के अनुसार यूपी के मुरादाबाद का रहने वाला आमिर रोहतक रोड के पास स्थित एक निर्माणाधीन फार्म हाउस में वेल्डिंग का काम करता था। वह करीब 3 से 4 दिन पहले ही काम के सिलसिले में यहां आया था। साथी मजदूरों के मुताबिक वह रोजाना की तरह काम पर था, लेकिन अचानक नहर की ओर चला गया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार आमिर ने एक पेड़ से रस्सी बांधकर उसके सहारे नहर में उतरने की कोशिश की। आशंका है कि संतुलन बिगड़ने के कारण वह गहरे पानी में चला गया और तेज बहाव की चपेट में आकर लापता हो गया। घटना इतनी अचानक हुई कि साथियों को संभलने का मौका तक नहीं मिला।

### इमाम-ए-जुमा ने वापस लिया एहतेजाज का एलान, घरों में दुआख्वानी करने की अपील

# सात दिन के शोक का ऐलान

**तमसा संकेत, एजेंसी**



वाराणसी। ईरान के सुप्रीम लीडर आयतुल्लाह खामेनई की मौत के बाद शिया मुसलमान इजरायल और अमेरिका के खिलाफ विरोध कर रहे हैं। इसी कड़ी में वाराणसी में शिया समुदाय के लोगों में गम और गुस्सा देखने को मिल रहा है। इसी के तहत दफतर-ए-जुमा से इमाम-ए-जुमा शहर बनारस मौलाना जफर हुसैनी ने लोगों से अपील की है कि वो एक हफ्ते तक शोक मनाएं। घरों में काला परचम लगाएं और कला कपड़ा पहनें। इसके अलावा सोमवार सुबह 11 बजे लॉट सरेया स्थित सदर इमामबाड़े में पहुंचने की अपील की गई थी। इस अपील को वापस ले लिया गया है। इस बात की जानकारी सदर इमामबाड़े के केयर टेकर शामिल रिजवी ने दी है। शामिल रिजवी ने कहा- हमारे रहबर की शाहदत से हम सभी गमजदा हैं। ऐसे में सभी से अपील है कि अपने-अपने घरों में जितना जयदा हो सके दुआ करें। इसके अलावा रोजे रख कर अल्लाह की बारगाह में दुश्मनों के खात्मे की दुआख्वानी की जाए। हमें इसका बहुत अफसोस है। पूरे शहर के शिया गमजदा हैं और अपने रहबर का गम मना रहे हैं। मौलाना जफर हुसैनी ने कहा- अगर हमारे सामने कर्बला का वाक्या नहीं होता तो आज हम सभी बेमौत मर जाते। मगर आपने कर्बला की विरासत पाई और इस्लामो शरीयत के लिए कुरआन ओ अहलेबैत (अ.) की मुहब्बत में जामे शहादत नोश फ़रमाया और अपनी दिली आरजू को पहुंचे। बदनसीब तो हम हैं जो आपके बाद भी जिंदा हैं। मौलाना ने मोमिनीने बनारस से अपील करते हुए कहा कि- इस बड़ी घटना का बहुत वसी पैमाने पर मुत्तहिदा तौर पर सोग मनाया जाए। दुकानें और कारोबार बंद रखे जाएं। सब लोग काला लिबास पहनें। घरों और मुहल्लों में काला परचम लगाएं। काला अलम और काला बैनर लगाए जाएं।

### शासन के निर्देश पर नहीं हो सकी शोक सभा

सदर इमामबड़ा, लाट सरैया में एहतेजाजी जलसे का आज सुबह 11 बजे एलान किया गया था। जिसे प्रशासन से बातचीत के बाद इमाम-ए-जुमा बनारस ने वापस ले लिया है। सदर इमामबड़े पर किसी भी प्रकार का आयोजन नहीं होगा। इस बात की जानकारी वहां के केयर टेकर शामिल रिजवी ने दी। उन्होंने बताया कि चौकी इंचार्ज सरैया आए थे। उन्होंने पुलिस और शासन की मंशा से अवगत कराया जिसके बाद इस जलसे को मुल्तवी कर दिया गया है।

> **इमाम-ए-जुमा मौलाना जफ़र हुसैनी ने लेटर जारी करते हुए कहा- आज हम सभी पर गमों का पहाड़ टूटा है। हमारे रहबर आयतुल्लाह खामेनई जो इमामे जमाना के उनके नाएब थे उनकी बारगाह में अमेरिका और इजरायल की बर्बरियतों और दरिंदिगी का निशाना बनकर हमारे दरमियान से रुखसत हो गए।**

### संभल में बड़े भाई को गोली मारी

संभल। संभल में मां की पेंशन को लेकर हुए विवाद में छोटे भाई ने अपने दो बेटों के साथ मिलकर बड़े भाई की गोली मारकर हत्या कर दी। यह घटना सोमवार दोपहर ऐंचौड़ा कम्बोह थाना क्षेत्र के राजी खेड़ा गांव में हुई। वारदात को अंजाम देने के बाद तीनों आरोपी मौके से फरार हो गए। पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, मृतक संजीव कुमार (56) पुत्र वेद प्रकाश त्यागी और उसके छोटे भाई ब्रजकिशोर त्यागी के बीच मां की पेंशन को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। एक रिश्तेदार की पहल पर हाल ही में एक पंचायत भी हुई थी, जिसमें मां ने हत्यारे बेटे ब्रजकिशोर को पेंशन देने और साथ रहने से इनकार कर दिया था। सोमवार दोपहर करीब 2:30 बजे संजीव कुमार अपनी खाली पड़ी जमीन से पशु को घर ले जाने के लिए आए थे। इसी दौरान उनका छोटा भाई ब्रजकिशोर त्यागी अपने बेटों अर्पित और अपूर्व के साथ वहां पहुंचा और विवाद करने लगा।

### हमलावर दूसरा बेटा फरार, खून से सने यूट्यूबर सलीम का वीडियो सामने आया

# एनकाउंटर में मारे गए जीशान के पिता फूट-फूटकर रोए

**तमसा संकेत, एजेंसी**




गाजियाबाद। गाजियाबाद में यूट्यूबर सलीम वास्तिक पर चाकू से हमला करने वाले बदमाश सगे भाई हैं। पुलिस ने रविवार रात छोटे भाई जीशान सैफी को एनकाउंटर में ढेर कर दिया। बड़ा भाई गुलफाम चकमा देकर भाग निकला। पुलिस सूत्रों ने बताया कि दोनों भाई सलीम की इस्लाम विरोधी बातों से नाराज थे।

दरअसल, दोनों भाइयों ने लोनी में इस्लाम धर्म छोड़ चुके यूट्यूबर पर दिनदहाड़े चाकू से 14 बार वार किया था। गला रेतने की कोशिश की थी। लहुलूहान करने के बाद अधमरा छोड़कर भाग निकले थे। घटना के बाद CM योगी ने कहा था कि दोषियों को बख्शा नहीं जाएगा। सीएम योगी की सख्ती के बाद पुलिस ने आरोपियों पर एक लाख का इनाम घोषित किया था।

इस बीच, रविवार को पुलिस को लोनी में निठौरा अंडरपास के पास आरोपियों के छिपे होने की सूचना मिली। पुलिस ने बैरिकेडिंग कर सर्च ऑपरेशन चलाया। इस दौरान बाइक से 2 संदिग्ध आते दिखे। रुकने का इशारा करने पर आरोपी फायरिंग करने लगे। जवाबी कार्रवाई में जीशान के सीने में गोली लगी, जबकि गुलफाम भाग निकला। मरने से पहले जीशान ने सलीम पर हमला करने की बात कबूल की। दोनों भाई अमरोहा के रहने वाले थे। बचपन से ही धार्मिक मिजाज के थे। मदरसे से तालीम ले चुके थे।

### बीजेपी विधायक बोले- जिहादी को मार गिराया

घटना के अगले दिन ही यानी 28 फरवरी को सीएम योगी ने कहा था- कानून व्यवस्था से खिलवाड़ करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा। यूपी में आतंक की कोई जगह नहीं। सूत्रों की मानें तो CM के निर्देश के 48 घंटे के अंदर ही एनकाउंटर से साफ संदेश गया है कि प्रदेश में धार्मिक कट्टरता के मामले बर्दाश्त नहीं किए जाएंगे।



> **डीसीपी पीयूष सिंह ने बताया- रविवार रात लोनी थाना प्रभारी नितिन चौधरी, देहात स्वाट टीम ने 2 संदिग्धों को बाइक पर आते हुए देखा। उन्हें रोकने का प्रयास किया दोनों पर पिस्टल से पुलिस पर फायरिंग कर दी। दोनों तरफ से करीब 15 मिनट तक 25 से 30 राउंड फायरिंग चली। एसओ लोनी की बुलेट प्रूफ जैकेट में गोली लग गई। एक गोली बदमाश को भी लगी। वह घायल हो गया। उसने पुलिस को बताया- मैंने ही अपने साथी के साथ सलीम पर हमला किया था। निठौरा अंडर पास के पास हुई घटना के बाद पुलिस घायल को 50 सैय्या अस्पताल ले गई, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।**

# होली पर प्रयागराज जंक्शन पर सुरक्षा कड़ी

### जीआरपी ने बीडीडीएस टीम के साथ स्टेशन खंगाला

**तमसा संकेत, एजेंसी**



प्रयागराज। होली के त्योहार के मद्देनजर प्रयागराज जंक्शन पर यात्रियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए व्यापक सुरक्षा अभियान चलाया गया। एडीजी रेलवे के विशेष आदेश पर सोमवार को पुलिस अधीक्षक रेलवे, प्रयागराज अनुभाग के निर्देशन में जीआरपी ने भारी पुलिस बल के साथ स्टेशन के हर कोने की तलाशी ली। जीआरपी प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह के नेतृत्व में बम डिस्पोजल स्क्वायड (BDDS) और एएस चेक टीम ने आधुनिक उपकरणों के साथ स्टेशन परिसर में प्रवेश किया और चेकिंग शुरू की। अभियान के दौरान स्टेशन के अंदर और बाहर वाहनों तथा संदिग्ध भीड़ की जांच की गई। टिकट खिड़कियों, यात्री प्रतीक्षालयों और सभी प्लेटफॉर्मों पर सघन गश्त की गई। स्टेशन के बाहरी इलाकों में भी सादी वर्दी में पुलिसकर्मी तैनात किए गए थे। पुलिस टीम ने यात्रियों के सामान के साथ-साथ लावारिस वस्तुओं की भी मेटल डिटेक्टर से जांच की। प्रभारी निरीक्षक अकलेश कुमार सिंह ने बताया कि होली पर ट्रेनों में भीड़ बढ़ जाती है, जिसका फायदा उठाकर असामाजिक तत्व किसी अप्रिय घटना को अंजाम न दे सकें, इसके लिए यह 'क्लीन स्वीप' अभियान चलाया गया है। उन्होंने आगे कहा कि होली के त्योहार पर यात्रियों की सुरक्षा हमारी प्राथमिकता है। पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण रही और चेकिंग के दौरान कोई भी संदिग्ध वस्तु बरामद नहीं हुई।

### कार्यवाई : अलीगढ़ में पिता बोले- मैंने मैनेंजमेंट के सामने हाथ जोड़े फिर भी एक्शन नहीं

# स्कूल बस से बच्ची की मौत, आरटीओ और आरआई सस्पेंड

**तमसा संकेत, एजेंसी**




अलीगढ़। अलीगढ़ में स्कूल बस से छात्रा की कुचलकर मौत के मामले में आरटीओ प्रवर्तन वंदना सिंह और आरआई चंपा लाल को सस्पेंड कर दिया है। शासन ने वंदना सिंह को वाहनों की चेकिंग न करने पर और चंपा लाल को जर्जर हालत में बस होने के बावजूद फिटनेस सर्टिफिकेट जारी करने पर निलंबित किया गया है। बच्ची के पिता ने कहा- मैंने पेरेंट्स टीचर मीटिंग में मैनेजमेंट के सामने हाथ जोड़कर जर्जर बस की शिकायत भी की थी लेकिन किसी ने कोई कार्रवाई नहीं की। अगर एक्शन लिया होता तो मेरी बच्ची की जान बच जाती। वहीं पिता की तहरीर पर पुलिस ने गंगीरी थाने में माउंट देवा इंटरनेशनल स्कूल के प्रबंधक अरविंद यादस और बस ड्राइवर चंद्रप्रकाश के खिलाफ गैरइरादतन हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया गया है। ड्राइवर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। सूचना मिलते ही छात्रा के पिता मौके पर पहुंचे। गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क जाम कर दिया। हादसे की खबर मिलते ही मां देवकी रो-रोकर बेसुध हो गईं। पुलिस ने लोगों को समझाकर जाम खुलवाया और फिर शव को पोस्टमॉर्टम के लिए कासगंज भेज दिया।

> **रवि कुमार ने बताया कि उन्होंने हाथ जोड़कर विनती की थी कि बस का फर्श बेहद जर्जर है और कभी भी बड़ा हादसा हो सकता है, लेकिन स्कूल मैनेजमेंट ने उनकी चेतावनी को पूरी तरह अनसुना कर दिया।**

### भाई ने चिल्लाकर कहा- अकल! बस रोकिए

बहन के नीचे गिरते ही गोलू चिल्लाकर रोने लगा और बोला- अंकल, मेरी बहन नीचे गिर गई।" चालक ने बस रोकी, बच्ची को उठाकर सीट पर रख दिया और भाई को घर को कुछ न बताने के लिए धमकाया। इसके बाद चालक ने अनन्या के पिता रवि को चोट लगने की जानकारी दी। हादसा देखते ही ग्रामीण मौके पर पहुंचे, लेकिन चालक बस लेकर भागने लगा। ग्रामीणों ने करीब 2 किमी तक पीछा किया और मलसई चौराहे पर चालक को घेरकर पकड़ लिया। इसके बाद उन्होंने बच्ची के पिता और पुलिस को सूचना दी।

### माउंट देवा इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ती थी छात्रा

छात्रा अनन्या (8) दादों थाना क्षेत्र के नाय भाय की रहने वाली थी। उसके पिता रवि गंगीरी चौराहे पर जनसेवा केंद्र चलाते हैं। परिवार के साथ वहीं रहते हैं। परिवार में एक बेटा और एक बेटी है। अनन्या और उसका बड़ा भाई गोलू बुढ़िया कसेर के माउंट इंटरनेशनल स्कूल में पढ़ते हैं। अनन्या यूकेजी और गोलू कक्षा 3 में पढ़ता है। दोनों भाई-बहन रोज स्कूल की बस से आते-जाते थे। शनिवार यानी 28 फरवरी को दोपहर 2 बजे स्कूल की छुट्टी के बाद दोनों भाई-बहन बस से घर लौट रहे थे।

# कुत्तों ने 4 वर्षीय बच्चे को नोच- नोचकर मार डाला

### पेट फाड़ा, सीने से मांस नोचा, बरेली में 500 मीटर दूर खेत में मिला शव

**तमसा संकेत, एजेंसी**



बरेली। बरेली में कुत्तों के एक झुंड ने 4 साल के मासूम को नोच डाला। उसका पेट फाड़ डाला। सीने से मांस नोच लिया। उसके हाथ-पैर पर गहरे जख्म हो गए। बच्चे की रोने की आवाज सुनकर आसपास खेतों में काम कर रहे किसान दौड़कर मौके पर पहुंचे। उन्होंने कुत्तों को भगाया। मगर तब तक बच्चे की मौत हो चुकी थी। बच्चा अकेले ही घर से करीब 500 मीटर दूर खेत पर चला गया था। घरवालों ने पोस्टमार्टम नहीं कराया है। घटना शाही थाना क्षेत्र की है। थाना क्षेत्र के सुकली गांव निवासी खुर्शीद किसान हैं। वह हर रोज अपने 4 साल के बेटे अर्श को लेकर खेत पर चारा लेने जाते थे। सोमवार दोपहर करीब 1 बजे उनका बेटा अर्श घर से बाहर निकल गया। वह अकेले ही खेत पर पहुंच गया। यहां उसे कुत्तों के एक झुंड ने घेर लिया। कुत्तों ने उस पर हमला कर दिया। इससे अर्श जमीन पर गिर पड़ा। इसके बाद उसका पेट फाड़ दिया। उसके पेट से मांस नोच लिया। उसके सीने से मांस नोच लिया। इधर बच्चे को घर में न देखकर खुर्शीद और घरवालों ने उसे खोजना शुरू किया। उसे पड़ोस में देखा, मगर वह वहां भी नहीं मिला। इधर बच्चे की रोने की आवाज सुनकर आसपास के खेतों में काम कर रहे किसान मौके पर पहुंचे। उन्होंने कुत्तों को भगाया। उनका शोर सुनकर खुर्शीद और गांव के अन्य लोग भी मौके पर पहुंच गए। बेटे को देखकर खुर्शीद वहीं गिर पड़े। उन्होंने लहूलुहान हालत में अर्श को गोद में उठाया। मगर अर्श की मौत हो चुकी थी। गांव वालों ने बताया कि करीब 4 कुत्तों ने अर्श को घेर रखा था। वह अर्श को नोच रहे थे। सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची। लेकिन परिजनों ने बच्चे का पोस्टमार्टम कराने से इनकार कर दिया। बच्चे के पिता खुर्शीद बोले- मैं इस मामले में कोई कार्रवाई नहीं चाहता। बताया कि अर्श के पेट और सीने से मांस गायब था।

## बहराइच में घर में कुल्हाड़ी से 30 मिनट तक मारता रहा ■ भाई की हालत गंभीर

# बेटे ने की मां-बाप बहन और दादी की हत्या

**वारदात**

तमसा संकेत, एजेंसी

बहराइच । यूपी के बहराइच में युवक ने अपने माता-पिता, बहन और दादी को मार डाला। परिवार पर 30 मिनट तक कुल्हाड़ी से ताबड़तोड़ वार करता रहा। बीच-बचाव करने आए बड़े भाई की भी जान लेने की कोशिश की, लेकिन किसी तरह वो बच गया। 10 साल का भतीजा पूरी वारदात को छिपकर देखता रहा। चीख-पुकार सुनकर गांव वाले भागकर मौके पर पहुंचे तो मंजर देखकर दंग रह गए। फर्श और बेड पर लाशें बिछी थीं। बड़ा भाई दर्द से कराह रहा था। लोगों को देखकर आरोपी ने सुसाइड करनी चाही। ईंट से अपने सिर पर कई वार किए। खून ज्यादा बहने की वजह से बेहोश हो गया। सूचना पर पुलिस पहुंची। आरोपी को गिरफ्तार कर जिला अस्पताल भिजवाया। हालत गंभीर होने की वजह से उसे लखनऊ ट्रामा सेंटर रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि दोनों भाइयों के बीच संपत्ति को लेकर कई वर्षों से विवाद चल रहा था। देर रात इसी विवाद को लेकर दोनों में कहासुनी होने लगी। इस दौरान गुस्से में आकर युवक ने कुल्हाड़ी से पूरे परिवार पर हमला कर दिया। फिलहाल फॉरेंसिक टीम ने हमले में इस्तेमाल कुल्हाड़ी बरामद कर ली है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। घटना जिला मुख्यालय से 45 किलोमीटर दूर रुपईडीहा थाना क्षेत्र के रामनगर बसंतपुर उदल गांव की है। रुपईडीहा थाना क्षेत्र के बसंतपुर रूदल (मजरे रामनगर) गांव का रहने वाला गुरुदेव प्रसाद वर्मा (43) का अपने छोटे भाई निरंकार वर्मा (40) से पिछले कई सालों से संपत्ति को लेकर विवाद था।


निरंकार वर्मा, आरोपी

### 10 साल के मासूम ने देखा मौत का मंजर

घटना का एकमात्र चश्मदीद गवाह गुरुदेव का 10 साल का बेटा आजाद बाल-बाल बच गया। वह घटना के समय पिता के साथ दूसरे कमरे में था। शोर-शराबा सुनकर वह बाहर आया। चाचा को देखकर बाहर ही छिप गया। अपनी आंखों से पूरा हत्याकांड देखता रहा।

फिलहाल पुलिस ने आजाद को अपनी सुरक्षा में ले लिया है। उससे घटना के बारे में जानकारी ले रही है। गुरुदेव वर्मा ने थाना रुपईडीहा में लिखित तहरीर देकर निरंकार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। पुलिस ने निरंकार को गिरफ्तार कर इलाज के लिए लखनऊ भेजा है। उसके ठीक होने पर विस्तृत पूछताछ की जाएगी।


■ पुलिस ने गुरुदेव के 10 साल के बेटे आजाद से पूरी घटना समझी।

### कुछ ही घंटों में गोंडा रवाना होने वाला था परिवार

आस-पड़ोस में रहने वाले लोगों ने बताया- गुरदेव का पूरा परिवार 'जय गुरुदेव' का अनुयायी था। पूरा परिवार सोमवार सुबह ही गोंडा में आयोजित जय गुरुदेव के समागम में रवाना होने वाला था। मृतका पार्वती भी परिवार के साथ गोंडा जाने के लिए रविवार सुबह ही ससुराल से अपने मायके पहुंची थी। पार्वती की शादी श्रावस्ती के मल्हीपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत लोखरियन पुरवा गांव में पप्पू वर्मा के साथ हुई थी। उनके दो बच्चे हैं।

## गोकुल छड़ीमार होली में मंगलसूत्र चोरी का खुलासा, चार महिलाएं गिरफ्तार

तमस संकेत, संवाददाता

महावन (मथुरा)। गोकुल में आयोजित छड़ीमार होली के दौरान महिला के गले से मंगलसूत्र चोरी की घटना का थाना महावन पुलिस ने 24 घंटे के भीतर खुलासा करते हुए चार महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके कब्जे से चोरी किया गया मंगलसूत्र भी बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 1 मार्च 2026 को एक महिला अपने परिवार के साथ गोकुल में छड़ीमार होली देखने आई थी। इसी दौरान अज्ञात महिलाओं ने भीड़ का फायदा उठाकर उसके गले से मंगलसूत्र पार कर दिया। पीड़िता की शिकायत पर थाना महावन में मु0अ0सं0 51/2026 धारा 303(2)/317(2) बीएनएस के तहत मुकदमा दर्ज किया गया था।

विवेचना के दौरान मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम ने 2 मार्च को दोपहर करीब 2:05 बजे चन्द्रावली मंदिर से पहले संत आशाराम बापू आश्रम के पास से चार महिला अभियुक्ताओं को गिरफ्तार किया। तलाशी लेने पर उनके पास से पीली धातु का चोरी किया गया मंगलसूत्र बरामद हुआ।

पुलिस के मुताबिक, गिरफ्तार चार महिलाओं में से दो के विरुद्ध पूर्व में भी मु0अ0सं0 291/2025 धारा 21/22 एनडीपीएस एक्ट के तहत थाना वृन्दावन में मुकदमा दर्ज है। प्रभारी निरीक्षक चेतराम शर्मा के नेतृत्व में वरिष्ठ उपनिरीक्षक ध्यानवीर सिंह, उपनिरीक्षक सुरेश चन्द्र, उपनिरीक्षक विनीत चौधरी, महिला उपनिरीक्षक निशिका, कांस्टेबल दयाराम व महिला कांस्टेबल नीरु यादव द्वारा संयुक्त रूप से कार्यवाही की गई।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि होली पर्व के दौरान भीड़भाड़ वाले क्षेत्रों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है तथा संदिग्ध व्यक्तियों पर लगातार नजर रखी जा रही है।

**फास्ट न्यूज**

### चौराहों पर लगे हाउस टैक्स के बड़े बकायेदारों के नाम

आगरा । आगरा नगर निगम राजस्व वसूली को लेकर सख्त हो गया है। 125 करोड़ रुपये के वार्षिक राजस्व लक्ष्य को हासिल करने के लिए बकायेदारों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई शुरू कर दी है। पिछले एक महीने में लगभग 50 प्रोपर्टी सील हो चुकी हैं। इतना ही नहीं, बड़े बकायेदारों के नाम सार्वजनिक किए जा रहे हैं। ऐसे बकायेदारों के सूची चौराहों पर चस्पा की जा रही है।

### सर्जन शिवाकांत मिश्रा से 5.50 करोड़ की ठगी

कानपुर। शेयर ट्रेडिंग के नाम लोगों से करोड़ों की ठगी करने वाले सुशील धवन के खिलाफ कानपुर के नजीराबाद थाने में 9वीं एफआईआर दर्ज की गई। एफआईआर में उसकी पत्नी और दोनों बेटियों के नाम भी शामिल है। सर्जन डॉक्टर शिवाकांत मिश्रा में 5.5 करोड़ की ठगी का आरोप लगाते हुए नजीराबाद थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। सर्वोदय नगर निवासी डॉ शिवाकांत मिश्रा ने बताया कि बीते 15-20 वर्षों से मोती विहार निवासी चौधरी फाइनेंस व इंवेस्टमेंट के मालिक सुशील धवन के परिवार के संपर्क में हैं।

### मस्जिद के बाहर फूटा शिया समुदाय का आक्रोश

आगरा । अमेरिका-इजराइल के हमले में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई की मौत के बाद आगरा के शियाओं का भी गुस्सा फूट पड़ा। न्यू आगरा स्थित शहीद ए सालिस मस्जिद पर प्रदर्शन करते हुए मुस्लिमों ने अमेरिका के खिलाफ नारेबाजी करते हुए राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप का पुतला फूंका।

## नाबालिग से दुष्कर्म के आरोपी को पुलिस ने दबोचा

तमस संकेत, संवाददाता

मथुरा। जनपद के थाना कोतवाली मथुरा क्षेत्र में नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में वांछित चल रहे एक आरोपी को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। मुखबिर की सूचना पर सक्रिय हुई पुलिस टीम ने आरोपी को आर्य समाज रोड स्थित रेलवे फाटक के पास से धर दबोचा।

पुलिस के अनुसार, थाना कोतवाली में मु0अ0सं0 152/26, धारा 65(2) बीएनएस व 5एम/6 पॉक्सो एक्ट के तहत दर्ज मुकदमे में वांछित अभियुक्त ईशान पुत्र शहजाद, निवासी नक्कारची टीला, थाना कोतवाली, मथुरा (उम्र लगभग 35 वर्ष) को सोमवार को करीब 15:20 बजे गिरफ्तार किया गया। आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था।

गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने आवश्यक विधिक कार्रवाई पूरी कर आरोपी को न्यायालय में प्रस्तुत करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है।



इस कार्रवाई में प्रभारी निरीक्षक विनोद बाबू मिश्रा के नेतृत्व में उपनिरीक्षक आमोद कुमार, हेड कांस्टेबल विनय कुमार तथा कांस्टेबल प्रिंस चौधरी की अहम भूमिका रही।

पुलिस अधिकारियों ने बताया कि महिला एवं बाल अपराधों के मामलों में किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी और आरोपियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### कानपुर सेंट्रल पर यात्रियों से खचाखच भरी ट्रेनें

कानपुर । कानपुर में होली का त्योहार नजदीक आते ही रेलवे स्टेशन पर भारी भीड़ हो रही है। यात्री जमीन से लेकर टॉयलेट में बैठकर सफर कर रहे हैं। स्टेशन पर ट्रेन में चढ़ने के लिए यात्री जद्दोजहद कर रहे हैं। हालांकि रेलवे ने कानपुर से 61 होली स्पेशल ट्रेनें चलाई हैं। ये ट्रेनें कानपुर अनवरगंज, गोविंदपुरी होती हुई गुजरती हैं।

कानपुर सेंट्रल रेलवे स्टेशन से 3 लाख से अधिक यात्रा कर रहे है। दिल्ली, गुजरात, मुंबई, राजस्थान से आने वाली ट्रेनों में भारी भीड़ चल रही हैं। जम्मू से हावड़ा जाने वाली ट्रेन में लोग चढ़ने के लिए झगड़ते हुए दिखाई दिए। कानपुर सेंट्रल से प्रति दिन 275 से अधिक ट्रेन गुजरती हैं। इनमें प्रतिदिन चलने वाली ट्रेनें फुल चल रही हैं। स्पेशल ट्रेनों में यात्रियों को टिकट नहीं मिल पा रही है। नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रेस, कालका मेल, जोगबनी, अजमेर सियालदह एक्सप्रेस प्रमुकह रूप से फुल दिखाई दी।

## 25 हजार के इनामी बदमाश को मुठभेड़ में दबोचा, तमंचा व कारतूस बरामद

# थाना गोवर्धन - स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई

**आरोपी के विरुद्ध पूर्व में भी कई संगीन धाराओं में मुकदमे दर्ज हैं, जिनमें मारपीट, आपराधिक षड्यंत्र और अन्य गंभीर अपराध शामिल हैं। पुलिस का कहना है कि आरोपी लंबे समय से फरार चल रहा था और उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित था।**

तमस संकेत, संवाददाता

गोवर्धन (मथुरा)। कस्बा गोवर्धन के व्यापार मंडल से जुड़े गणेश पहलवान की हत्या की साजिश रचने के मामले में वांछित 25 हजार रुपये के इनामी बदमाश को पुलिस ने मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार कर लिया। थाना गोवर्धन पुलिस और स्वाट टीम की संयुक्त कार्रवाई में आरोपी को दबोच लिया गया। मुठभेड़ में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है।

पुलिस के अनुसार, थाना गोवर्धन पर पंजीकृत मु0अ0सं0 11/2026 धारा 109(1)/61(2)/3(5) बीएनएस के तहत वांछित अभियुक्त अन्नू उर्फ अनुराग पुत्र लक्ष्मीकांत उर्फ छुट्टन (उम्र 24 वर्ष), निवासी दसविसा, कस्बा व थाना गोवर्धन, को मुखबिर की सूचना पर महमदपुर चौराहे के आगे भूतपूर्व चेयरमैन खेमचंद के खेत के पास से रविवार रात करीब 10:51 बजे मुठभेड़ के दौरान गिरफ्तार किया गया।



कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक भगवत सिंह गुर्जर के नेतृत्व में की गई। स्वाट टीम प्रभारी उपनिरीक्षक अजय वर्मा सहित थाना गोवर्धन व स्वाट टीम के अन्य पुलिसकर्मियों ने संयुक्त रूप से घेराबंदी कर आरोपी को पकड़ने में सफलता प्राप्त की। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि क्षेत्र में शांति व्यवस्था भंग करने वालों के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और आपराधिक तत्वों पर सख्त कार्रवाई की जाएगी।

### अवैध हथियार बरामद

पुलिस ने आरोपी के कब्जे से एक अवैध तमंचा .315 बोर, दो जिंदा कारतूस व एक खोखा कारतूस बरामद किया है। बरामदगी के आधार पर थाना गोवर्धन में मु0अ0सं0 102/2026 धारा 109(1) बीएनएस व 3/25/27 आर्म्स एक्ट के तहत नया मुकदमा दर्ज कर विधिक कार्रवाई शुरू कर दी गई है।

## महोबा में चूड़ी के टुकड़े से खुला हत्या का राज, बेटे के साथ तकिए से मुंह दबाकर मारा

# कारोबारी की पत्नी को नौकरानी ने मार डाला

तमसा संकेत, एजेंसी

महोबा । महोबा में कारोबारी की पत्नी की हत्या, घर की नौकरानी और उसके बेटे ने की थी। घटनास्थल पर मिले चूड़ी के टुकड़े से पुलिस आरोपियों तक पहुंच सकी। पुलिस ने हत्याकांड का खुलासा करते हुए नौकरानी और उसके बेटे को अरेस्ट कर लिया है।

शहर के खोया मंडी क्षेत्र में यह हत्या 25 फरवरी को की गई थी। गिरफ्तारी के बाद नौकरानी ने पुलिस को बताया- मालकिन छोटी-छोटी बातों पर उसे डांटती थी, बेइज्जती करती थी इसलिए मार डाला।

किराना व्यापारी संतोष पुरवार अपनी पत्नी किरन के साथ खोया मंडी इलाके में रहते थे। उनकी एक बेटी आकांक्षा पुरवार हैं। जिसकी शादी हो चुकी है और वह अपने ससुराल में रहती हैं। संतोष की पत्नी किरन पैरालसिस अटैक आ चुका था इसलिए वह घर के कामकाज के लिए एक हेल्पर आशा रैकवार (40) को रखे थे। रोज की भांति 25 फरवरी को संतोष सुबह-सवेरे अपनी दुकान पर चले गए। घर पर उनकी पत्नी किरन और नौकरानी आशा ही थे। रात को दुकान बढ़ाने के बाद जब वह घर लौटे तो दरवाजा खुला हुआ था। अंदर कमरे में गए तो किरन बेड पर मृत पड़ी थीं। कान से कुंडल नोचा गया था। ऐसा लग रहा था कि लूटने के बाद हत्या की गई है। कारोबारी ने पुलिस को फोन किया। पुलिस को भी शुरूआती जांच में लूट की घटना ही लग रही थी।


किरन पुरवार, मृतक


■ पुलिस ने आरोपी नौकरानी और उसके बेटे को गिरफ्तार कर लिया है।

### चूड़ी के टुकड़ों को मिलाया, नौकरी से पूछताछ की

पुलिस ने शक के आधार पर घर की नौकरानी को पूछताछ के लिए बुलाया। पुलिस को महिला के हाथ की एक चूड़ी टूटी दिखी। पुलिस ने बरामद चूड़ी के टुकड़े से उसकी चूड़ी का मैच कराया। टुकड़ा मैच हो गया तो पुलिस का शक और गहरा गया।

इसके बाद नौकरानी को हिरासत में ले लिया गया। कड़ाई से पूछताछ करने पर उसने जुर्म कबूल लिया और पूरी कहानी सुना दी। पुलिस के अनुसार, आशा ने बताया कि वह किरन के घर में पिछले 8 साल से नौकरी कर रही थी।

### बेटे के साथ मिलकर मालकिन को मारा

तंग आकर उसने मालकिन की हत्या का प्लान बनाया। पुलिस के अनुसार, नौकरानी ने अपने बेटे सोनू (27) को इस साजिश में शामिल किया। 25 फरवरी को जब संतोष दुकान चले गए तो उसने बेटे को बुलाया। किरन की तकिया से मुंह दबाकर हत्या कर दी।

फिर हत्या को लूट दिखाने के लिए घर में रखे गहने और किरन की कान के झुमके चुरा लिए। एसपी प्रबल प्रताप सिंह ने बताया कि अपमान और रोज-रोज की डांट से नाराज नौकरानी आशा ने अपनी मालकिन किरन की तकिया से मुंह दबाकर हत्या की थी। इस जुर्म में उसका बेटा सोनू भी शामिल है। दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

## चोरी के तीन मोबाइल, दो पर्स व चाकू के साथ दो युवक गिरफ्तार

तमसा संकेत, संवाददाता

वृन्दावन (मथुरा)। तीर्थनगरी वृन्दावन में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए चलाए जा रहे अभियान के तहत थाना वृन्दावन पुलिस ने दो युवकों को गिरफ्तार कर उनके कब्जे से चोरी के तीन मोबाइल फोन, दो पर्स और एक अवैध चाकू बरामद किया है।

पुलिस के अनुसार, 1 मार्च 2026 की रात करीब 8 बजे चेकिंग के दौरान गन्दी गली के मोड़ पर दो संदिग्ध युवकों को रोका गया। तलाशी लेने पर उनके पास से चोरी का सामान बरामद हुआ। गिरफ्तार अभियुक्तों की पहचान प्रशांत पुत्र महेंद्र (उम्र 29 वर्ष) व जतिन पुत्र गुलाब चंद्र (उम्र 22 वर्ष), दोनों निवासी 196/7 गली नंबर-9, सिंह नगर, आनंद पर्वत, नई दिल्ली के रूप में हुई है। पुलिस ने प्रशांत के पास से दो मोबाइल फोन (एक वीवो व एक नोकिया कीपैड), एक पर्स जिसमें विभिन्न बैंक कार्ड, पैन कार्ड व अन्य दस्तावेज, 150 रुपये नकद तथा एक अवैध छुरा बरामद किया।



वहीं जतिन के कब्जे से एक वीवो मोबाइल फोन, एक पर्स जिसमें ड्राइविंग लाइसेंस व वोटर आईडी कार्ड तथा 40 रुपये नकद बरामद किए गए। अभियुक्तों की गिरफ्तारी व बरामदगी के आधार पर थाना वृन्दावन में मु0अ0सं0 138/2026 धारा 317(5) बीएनएस व 4/25 आर्म्स एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर आवश्यक विधिक कार्रवाई की जा रही है। कार्रवाई प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में चौकी प्रभारी बिहारी जी उपनिरीक्षक शिवकुमार शर्मा, हेड कांस्टेबल विमल कुमार, हेड कांस्टेबल चन्द्रवीर तथा कांस्टेबल बिजेन्द्र कुमार द्वारा संयुक्त रूप से की गई।

## पृष्ठ 01 का शेष...

### होलिका दहन ...

लौंग इलाइची का बीड़ा लगाना। कब बजाइएबे रे।

सीएम योगी ने कहा- अभी आप लोगों ने सांसद की मधुर बोली में होली के कुछ गीत सुने हैं। आज देर रात होलिका दहन का कार्यक्रम सम्पन्न होगा। शोभायात्रा पर पूरे प्रदेश वासियों को होली की हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं देता हूं।

अव्यवस्था से व्यवस्था, अराजकता से अनुशासन, अधर्म से धर्म व असत्य से सत्य की यात्रा होती है, तो हम उत्सव की शोभायात्रा के गवाह बनते हैं। हम गत वर्ष यहां आते थे, सकरी गली होती थी, एक ही गाड़ी जा पाती थी। व्यापार अस्त व्यस्त था। मैं यह बात मान सकता हूं कि जब यह विरासत गलियारा बन जाएगा तो सबसे खूबसूरत गलियारा होगा। यहां डायट के पास नया काम्प्लेक्स तैयार होगा। उसके लिए पैसा रिलीज हो गया है। रवि किशन ने कहा- चार दिवसीय यात्रा पर गए डेढ़ लाख करोड़ लेकर आए तो हम कहेंगे कि रंग बरसे भीगे चुनर वाली। डीजे वाले खाली यहीं म्यूजिक बजाना। लौंग इलाइची का बीड़ा लगाना। कब बजाइएबे रे। महाराज जी गोल वाला रहल लोग भगा दिए। होली खेले रघुबीरा अवध में रविकिशन ने डीजे वाले पर टिप्पणी की तो सीएम हंसते रहे। होली की शुभकामना इतनी चौड़ी गली के साथ। पिछली बार ढिमला ढिमला के आए थे। सांस लेना मुश्किल था। आज माहौल बदला है। मुख्यमंत्री डेढ़ लाख करोड़ का निवेश लेकर जापान और सिंगापुर से लाए हैं। 9 साल में पहली बार विदेश गए। महादेव की कृपा थी कि मान गए। विदेश जाने के लिए मानते ही नहीं थे।

### सीएम ने रवि किशन...

सरकार योजना बना सकती है। विरासत गलियारा के व्यापारियों और लोगों को जिनके मन में पीड़ा थी, लेकिन व्यक्त नहीं किया। उसी का नतीजा है कि यह तीन गुना चौड़ा हो गया। यह प्रदेश का सबसे शानदार गलियारा हो गया।

### अब पूरे प्रदेश में ...

विदेशियों की आंखे फ़टी रह जाती हैं। जो लोग कहते थे कि हम बंटे हैं कहां बंटे हैं। सब लोग मिलकर होली का आनंद ले रहे हैं।

### सुप्रीम लीडर खामेनेई ...

अमेरिका जंग के पहले दिन ही इस बेस से ईरान पर हमला करना चाहता था। लेकिन ब्रिटेन ने 48 घंटे बाद इसकी इजाजत दी और कहा कि अमेरिका को यहां से सिर्फ ईरान के मिसाइल ठिकानों को निशाना बनाने की परमिशन होगी। इसे लेकर ट्रम्प ने कहा है कि वे ब्रिटिश पीएम से बेहद निराश है।

ईरान ने पाकिस्तान पर आरोप लगाया है कि उसने अमेरिका को उसके खिलाफ हालिया सैन्य हमलों के लिए अपना एयरस्पेस इस्तेमाल करने दिया।

ईरानी रिवोल्यूशनरी गार्ड (IRGC) के एक सीनियर कमांडर ने कहा कि यदि पाकिस्तान ने ऐसा किया है तो वह सुरक्षित नहीं रहेगा और उसे इसकी कीमत चुकानी होगी।

### ईरानी हमले से साइप्रस...

दरअसल, ब्रिटिश PM कीर स्टारमर ने ईरानी मिसाइल साइट्स पर हमले के लिए अमेरिका को इस बेस का इस्तेमाल करने की अनुमति दी थी।

### ईरान में 555 की ...

अमेरिकी सेंट्रल कमांड (CENT-COM) ने बताया कि चौथा सैनिक ईरान के शुरुआती हमलों में गंभीर रूप से घायल हुआ था और बाद में उसकी मौत हो गई।

एक दिन पहले ही CENTCOM ने तीन अन्य अमेरिकी सैनिकों की मौत की पुष्टि की थी। अब तक इस जंग में चार अमेरिकी सैनिकों की जान जा चुकी है।

### शर्टलेस प्रदर्शन-यूथ...

अगर ट्रायल से पहले किसी को बिना जरूरी कारण के जेल में रखा जाए तो यह बिना सजा तय हुए ही सजा देने जैसा होगा। पटियाला हाउस कोर्ट के न्यायिक मजिस्ट्रेट (फर्स्ट क्लास) रवि ने कृष्ण हरि, नरसिंह यादव, कुंदन कुमार यादव, अजय कुमार सिंह, जितेंद्र सिंह यादव, राजा गुर्जर, अजय कुमार विमल उर्फ बंटू, सौरभ सिंह और अरबाज खान की जमानत याचिकाओं पर सुनवाई के बाद यह आदेश पारित किया।

दिल्ली पुलिस ने कहा कि आरोपी, जो इंडियन यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ता हैं, 20 फरवरी को एआई समिट के स्थान पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की तस्वीरों वाली सफेद टी-शर्ट पहनकर या हाथ में लेकर पहुंचे थे। इन टी-शर्ट्स पर इंडिया-यूएस ट्रेड डील, एपस्टीन फाइल्स और पीएम इज कम्प्रोमाइज्ड जैसे नारे लिखे थे।

पुलिस ने आरोप लगाया कि वहां अंतरराष्ट्रीय मीडिया मौजूद थी और उसी दौरान नारेबाजी की गई। जब पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की तो पुलिसकर्मियों से धक्का-मुक्की हुई, जिससे कुछ पुलिसकर्मी घायल हुए। पुलिस का कहना है कि इसके मेडिकल सबूत भी मौजूद हैं।

जमानत की मांग का विरोध करते हुए संविधान शांतिपूर्ण प्रदर्शन का अधिकार देता है, लेकिन यह कुछ शर्तों के साथ आता है।

### ममता ने बंगाल को ...

हिंदू शरणार्थियों की नागरिकता नहीं छीनी जाएगी। ममता बनर्जी की सरकार सीमाओं की सुरक्षा करने में नाकाम रही है। BJP के सत्ता में आने पर घुसपैठ और भ्रष्टाचार दोनों रुकेंगे।

ममता मंदिरों के उद्घाटन में व्यस्त थीं, जबकि राज्य में मस्जिद बनने दी जा रही थी। TMC नेता हुमायूं कबीर की बाबरी मस्जिद की तर्ज पर मस्जिद बनाने की कोशिश एक साजिश का हिस्सा थी।

BJP ने राज्य में बदलाव लाने के लिए परिवर्तन यात्रा शुरू की है। परिवर्तन का मतलब सिर्फ मुख्यमंत्री बदलना नहीं, बल्कि बंगाल को घुसपैठ से मुक्त करना, भ्रष्टाचार खत्म करना, TMC सरकार हटाकर BJP सरकार बनाना है।

पूरे पश्चिम बंगाल में कुल 9 परिवर्तन यात्राएं निकाली जा रही हैं। चार यात्राएं पहले ही शुरू हो चुकी हैं और बाकी अलग-अलग जिलों से शुरू होंगी।

### भारत को यूरेनियम...

भारत विश्व में शांति और स्थिरता चाहता है। हर समस्या का समाधान बातचीत के जरिए निकाला जाना चाहिए।

पीएम ने आगे कहा- हम इस बात से सहमत हैं कि आतंकवाद, उग्रवाद और कट्टरता न केवल हमारे दोनों देशों बल्कि पूरी मानवता के सामने गंभीर चुनौतियां हैं। वैश्विक शांति और स्थिरता के लिए इन खतरों से निपटने में हमारा घनिष्ठ सहयोग आवश्यक है। विभिन्न मौजूदा मुद्दों पर भारत का रुख स्पष्ट है।

भारत में भारत -कनाडा पल्स प्रोटीन उत्कृष्टता केंद्र स्थापित किया जाएगा। रक्षा एवं सुरक्षा क्षेत्र में बढ़ता सहयोग हमारे गहरे आपसी विश्वास और परिपक्व संबंधों का प्रतीक है। हम रक्षा उद्योगों, समुद्री क्षेत्र जागरूकता और सैन्य आदान-प्रदान को बढ़ावा देने के लिए काम करेंगे। इसी उद्देश्य से हमने आज भारत-कनाडा रक्षा संवाद स्थापित करने का निर्णय लिया है।

कनाडा के बड़े पेंशन फंड पहले से ही भारत में रियल एस्टेट और लॉजिस्टिक्स जैसे क्षेत्रों में बड़ा निवेश कर चुके हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, उन्होंने भारत में 100 बिलियन डॉलर (करीब 8 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा) का निवेश किया है। अब कनाडा इस निवेश को और बढ़ाना चाहता है।

### भारत में निवेश को ...

भारत से कनाडा को मुख्य निर्यात में दवाइयां, रत्न-आभूषण और समुद्री उत्पाद शामिल हैं।

### एआई जेनरेटेड सबूतों ...

इसके बाद सुप्रीम कोर्ट में अपील की गई। बेंच पिटीशन पर सुनवाई के लिए सहमत हो गई और उस पर नोटिस जारी किया। कोर्ट ने कहा, स्पेशल लीव पिटीशन का निपटारा होने तक, हम निर्देश देते हैं कि ट्रायल कोर्ट एडवोकेट-कमिश्नर की रिपोर्ट के आधार पर आगे नहीं बढ़ेगा। और मामले की सुनवाई 10 मार्च तय की।

## धर्मशाला, मुल्लांपुर, चेन्नई और लखनऊ को मेजबानी, 6 से 20 जून के बीच होंगे मुकाबले

# भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगा अफगानिस्तान

**मुकाबला**

नई दिल्ली, एजेंसी

अफगानिस्तान टीम 6 से 20 जून के बीच भारत में 1 टेस्ट और 3 वनडे खेलेगी। IPL का 19वां सीजन खत्म होने के बाद सीरीज शुरू होगी। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (BCCI) ने शेड्यूल रिलीज करते हुए बताया कि मुल्लांपुर में टेस्ट मैच से सीरीज शुरू होगी। फिर धर्मशाला, लखनऊ और चेन्नई में 3 वनडे खेले जाएंगे। BCCI ने मीडिया रिलीज में बताया कि महाराजा यादवेंद्र सिंह इंटरनेशनल क्रिकेट स्टेडियम में 6 से 10 जून तक टेस्ट मैच होगा। फिर 14 जून को HPCA स्टेडियम में पहला वनडे, 17 जून को इकाना स्टेडियम में दूसरा वनडे और 20 जून को चेपॉक स्टेडियम में तीसरा वनडे खेला जाएगा। सभी वनडे दोपहर 1.30 बजे से शुरू होंगे। अफगानिस्तान ने अपने टेस्ट करियर की शुरुआत ही टीम इंडिया के खिलाफ मैच से की थी।



अफगानिस्तान की टीम भारत को एक भी इंटरनेशनल क्रिकेट मैच नहीं हरा सकी है।

### वर्ल्ड कप खेल रही है टीम इंडिया

टीम इंडिया फिलहाल होमग्राउंड पर टी-20 वर्ल्ड कप खेल रही है। भारत ने रविवार को सुपर-8 स्टेज मैच में वेस्टइंडीज को हराया और सेमीफाइनल में जगह बनाई। जहां टीम का सामना 5 मार्च को इंग्लैंड से होगा, मुकाबला मुंबई के वानखेड़े स्टेडियम में खेला जाएगा। टूर्नामेंट का फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा। दूसरी ओर अफगानिस्तान टीम ग्रुप स्टेज भी पार नहीं कर सकी।

### भारत को कभी नहीं हरा सका अफगानिस्तान

अफगानिस्तान और भारत के बीच 4 वनडे खेले गए। सभी मल्टिनेशन टूर्नामेंट में ही रहे। एशिया कप में दोनों ने 2 मैच खेले, 1 में भारत को जीत मिली, जबकि 2018 में एक मुकाबला टाई भी रहा। 2019 और 2023 के वनडे वर्ल्ड कप में भी दोनों के बीच 2 मैच हुए। सभी में भारत जीता। दोनों टीमों के बीच पहली बार वनडे फॉर्मेट की सीरीज होने जा रही है। टी-20 इंटरनेशनल में दोनों टीमों के बीच 9 मुकाबले हुए। 8 में भारत को जीत मिली, जबकि एशियन गेम्स में एक मुकाबला बेनतीजा भी रहा। दोनों टीमों ने इस फॉर्मेट की इकलौती सीरीज 2024 में खेली थी, तब भारत 3-0 से जीता था।



अफगानिस्तान ने भारत के खिलाफ 4 वनडे खेले, 3 में टीम को हार मिली। वहीं एक मुकाबला टाई रहा।

# मुंबई क्रिकेट ने महिला टी-20 लीग की शुरुआत की

## 1 से 15 जून के बीच आयोजन की तैयारी

मुंबई, एजेंसी

मुंबई क्रिकेट एसोसिएशन (MCA) ने महिला टी-20 मुंबई लीग की शुरुआत कर दी है। मेंस की टी-20 मुंबई लीग की तर्ज पर होने वाली इस फ्रेंचाइजी आधारित प्रतियोगिता के लिए 3 टीमों की बिक्री से को एसोसिएशन 4 करोड़ रुपए से ज्यादा की आय हुई है। लीग का आयोजन 1 से 15 जून के बीच हो सकता है। महिला लीग में कुल 7 मुकाबले खेले जाएंगे। इसमें तीन आइकन खिलाड़ी शामिल होंगी, जिनमें जेमिमा रोड्रिग्स, सायमा ठाकोर और सयाली सतघरे के नाम प्रस्तावित हैं। हालांकि इनकी उपलब्धता पर अंतिम फैसला होगा। यह लीग सिर्फ मुंबई की महिला क्रिकेटरों के लिए होगी। MCA खिलाड़ियों की नीलामी भी कराने की तैयारी में है। MCA अध्यक्ष अजिंक्य नाइक ने




कहा कि बोली प्रक्रिया को अच्छा रिस्पॉन्स मिला है। शनिवार को पीआरएस इंफ्राप्रोजेक्ट्स एलएलपी ने 2 करोड़ 25 लाख रुपए की सबसे ऊंची बोली लगाई। रोडवे सॉल्यूशन इंडिया इंफ्रा लिमिटेड ने 1 करोड़ 9 लाख रुपए और वर्ल्ड स्टार स्पोर्टिंग प्राइवेट लिमिटेड ने 79 लाख रुपए की बोली लगाकर टीमों के अधिकार हासिल किए। टी-20 मुंबई लीग गवर्निंग काउंसिल के चेयरमैन राजदीप गुप्ता ने कहा कि यह प्रक्रिया महिला लीग के लिए अहम पड़ाव है। उन्हें उम्मीद है।

# अजय शर्मा की कोचिंग में जम्मू-कश्मीर कैसे बना रणजी विजेता

## फाइनल से पहले टीम को शोले फिल्म की कहानी सुनाई

नई दिल्ली, एजेंसी

भारतीय क्रिकेट में अजय शर्मा का नाम ऐसे खिलाड़ी के रूप में दर्ज था, जिसका शानदार करियर मैच फिक्सिंग के प्रतिबंध और अदालती लड़ाइयों की भेंट चढ़ गया। बरसों तक क्रिकेट की मुख्यधारा से बाहर रहने के बाद, शर्मा ने कोच के रूप में एक ऐसी पटकथा लिखी, जो किसी बॉलीवुड ब्लॉकबस्टर से कम नहीं है। जम्मू-कश्मीर की रणजी ट्रॉफी की ऐतिहासिक खिताबी जीत 61 वर्षीय अजय शर्मा के लिए केवल एक ट्रॉफी नहीं, बल्कि उनके जीवन का 'चक दे इंडिया' मोमेंट है। फाइनल से पहले शर्मा ने टीम को फिल्म शोले का उदाहरण देते पूछा कि जय कौन बनेगा? वीरू कौन होगा? और गब्बर जैसा प्रहार कौन करेगा? उस फिल्म में एक नहीं कई हीरो थे। शर्मा कहते हैं- टीम के हर खिलाड़ी ने अपनी भूमिका चुनी और मैदान पर उसे जीकर दिखाया।



अंत में वे सभी हीरो बन गए। जम्मू-कश्मीर ने एक-एक कर पूर्व चैम्पियनों को हराया। दिल्ली को उन्हीं के मैदान पर पहली बार हराया, जहां पारस डोगरा का शतक और वंशज शर्मा के 6 विकेट काम आए। हैदराबाद और मप्र के खिलाफ कम स्कोर पर सिमटने के बाद भी आबिद मुश्ताक और आकिब नबी की घातक गेंदबाजी ने मैच पलट दिए। सेमीफाइनल में बंगाल और फाइनल में कर्नाटक को हराकर पहली बार रणजी का सुल्तान बना। शर्मा का मानना है, 'असली ताकत विश्वास थी।

## फेडरेशन प्रेसिडेंट बोले- जंग के बीच अमेरिका में फुटबॉल खेलना मुश्किल, 11 जून से टूर्नामेंट

# ईरान फीफा वर्ल्ड कप का बॉयकॉट कर सकता है

नई दिल्ली, एजेंसी

फुटबॉल की दुनिया के सबसे बड़े टूर्नामेंट 'फीफा वर्ल्ड कप 2026' पर युद्ध का साया मंडराने लगा है। इजरायल और अमेरिका के हमलों के कारण ईरान टूर्नामेंट का बॉयकॉट कर सकता है। ईरान फुटबॉल फेडरेशन के प्रेसिडेंट मेहदी ताज ने कहा है कि मौजूदा हालातों में नेशनल टीम का अमेरिका जाकर फुटबॉल खेलना बेहद मुश्किल है। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई के बीच अमेरिका, मेक्सिको और कनाडा में खेला जाएगा। ईरान को अपने तीनों मैच अमेरिका में ही खेलने हैं।



क्रिकेट वर्ल्ड कप 7 फरवरी से शुरू हुआ। 1 मार्च तक फर्स्ट और सेकेंड राउंड के 52 मुकाबले खेले गए। 20 टीमों से 4 टॉप टीमें निकलीं। जिनके बीच 4 और 5 मार्च को सेमीफाइनल खेले जाएंगे। फाइनल 8 मार्च को अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में होगा।

### उम्मीद के साथ वर्ल्ड कप नहीं देख सकते- मेहदी

ईरानी स्पोर्ट्स वेबसाइट 'वर्जिश-3' से बातचीत में मेहदी ताज ने कहा, इस हमले के बाद हमसे यह उम्मीद नहीं की जा सकती कि हम आशा और उत्साह के साथ वर्ल्ड कप की ओर देखें। अमेरिका और इजरायल के हमलों में ईरान के सुप्रीम लीडर अयातुल्ला अली खामेनेई मारे गए। इससे पूरे मिडिल ईस्ट में तनाव का माहौल बन गया।

### ट्रंप सरकार ने ट्रैवल बैन भी लगाया

ईरान के लिए स्पोर्ट्स के अलावा राजनीतिक परेशानियां भी कम नहीं हैं। ट्रंप सरकार ने ईरानी फैंस को देश में एंट्री देने से मना कर दिया है। ऐसे में ईरानी टीम का अमेरिका जाकर खुलकर खेल पाना भी मुश्किल लग रहा है। वर्ल्ड कप 11 जून से 19 जुलाई तक अमेरिका, कनाडा और मेक्सिको में होना है। ईरान-इजरायल के मामले पर इंटरनेशनल फुटबॉल फेडरेशन (FIFA) ने कोई ऑफिशियल बयान नहीं दिया है। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अगर ईरान ने टूर्नामेंट से नाम वापस लिया तो फीफा को फाइनेंशियल नुकसान उठाना पड़ सकता है।






**"ट्रंप सरकार ने ईरानी फैंस को देश में एंट्री देने से मना कर दिया है। ऐसे में ईरानी टीम का अमेरिका जाकर खुलकर खेल पाना भी मुश्किल लग रहा है।**

### क्रिकेट वर्ल्ड कप में बांग्लादेश बॉयकॉट कर चुका

खेल जगत में यह पहला मौका नहीं है जब कोई देश वर्ल्ड कप बॉयकॉट करने के बारे में सोच रहा हो। पिछले महीने ही बांग्लादेश क्रिकेट टीम ने सुरक्षा कारणों को हवाला देते हुए भारत में टी-20 वर्ल्ड कप खेलने से मना कर दिया था। जिसके बाद इंटरनेशनल क्रिकेट काउंसिल (ICC) ने बांग्लादेश की जगह स्कॉटलैंड को टूर्नामेंट में एंट्री दे दी।

### क्रिकेट का कीड़ा है तो सॉल्व कीजिए ये सुपर क्विज

क्या आप खुद को क्रिकेट के सुपर फैन मानते हैं? पूरे T20 वर्ल्ड कप टूर्नामेंट के दौरान खास गेम 'SUPER ओवर' में रोज क्रिकेट से जुड़े 6 सवाल आपका क्रिकेट ज्ञान परखेंगे। जितनी जल्दी सही जवाब देंगे उतने ज्यादा रन बनेंगे। जितने ज्यादा रन बनेंगे, लीडरबोर्ड में उतना ही ऊपर आएंगे। तो रोज खेलिए और टूर्नामेंट का टॉप स्कोरर बनिए।

## मनोरंजन

## ट्रम्प-नेतन्याहू इतना आगे बढ़ गए कि दूसरों के पास रास्ता ही नहीं बचा

# अमेरिका, इजराइल ने अब हद पार की : जावेद अख्तर

**मुबंई।** अमेरिका और इजराइल की ओर से ईरान के खिलाफ की गई सैन्य कार्रवाई पर गीतकार और लेखक जावेद अख्तर ने प्रतिक्रिया दी है। उन्होंने इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू और अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प पर निशाना साधा है। एलनाज ने एक अन्य स्टोरी में अली खामेनेई की मौत से जुड़ी खबर शेयर करते हुए थैंक्यू लिखा और खुशी वाले इमोजी भी पोस्ट किए। एलनाज को पहचान नेटफ्लिक्स की वेब सीरीज सैक्रेड



गेम्स से मिली, जिसमें उन्होंने जोया का किरदार निभाया था। इसके अलावा उन्होंने हॉलीवुड फिल्म कंधार में जेरार्ड बटलर के साथ काम किया।

### *एलनाज महिलाओं के अधिकारों को लेकर मुखर रहीं*

*एलनाज नौरोजी ने ईरान में महिलाओं के अधिकारों पर खुलकर बात की है। अक्टूबर 2022 में उन्होंने ईरान की तथाकथित 'मॉरालिटी पुलिस' के खिलाफ एक प्रतीकात्मक और विवादास्पद विरोध प्रदर्शन किया। उन्होंने इंस्टाग्राम पर एक वीडियो शेयर किया, जिसमें वे बुर्के से लेकर कई परतों वाले कपड़े उतारती नजर आईं। इस कदम के जरिए उन्होंने यह संदेश दिया कि किसी महिला को क्या पहनना है, इसका फैसला वही स्वयं करे। सितंबर 2022 में 22 साल की महसा अमीनी की पुलिस हिरासत में हुई मृत्यु के बाद जब ईरान में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हुए।*

### खामेनेई की मौत पर एलनाज नौरोजी ने खुशी जताई

जावेद अख्तर के अलावा एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने भी US-ईरान तनाव को लेकर प्रतिक्रिया दी। खामेनेई की मौत की खबर पर वेब सीरीज सेक्रेड गेम्स में नजर आ चुकीं एक्ट्रेस एलनाज नौरोजी ने खुशी जताई। एलनाज नौरोजी ने शनिवार को इंस्टाग्राम स्टोरी पर पोस्ट शेयर कर लिखा, "47 साल से जिस खबर का इंतजार कर रहे थे।

**सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर ट्वीट करते हुए उन्होंने लिखा, "मुझे लगता है कि इस बार ट्रम्प और इजराइल ने हद से ज्यादा कदम उठा लिया है। अगर उन्हें इस तरह की हिम्मत दिखाने और इराक की तरह ईरान के साथ भी ऐसा करने की छूट मिल जाती है।**



# विभाजन की पृष्ठभूमि पर है फिल्म 'जय हिंद जय सिंध'

## प्रोड्यूसर सैमी ननवानी ने पीएम को फिल्म दिखाने की जताई इच्छा


**नई दिल्ली।** सैमीज एंटरटेनमेंट की नई बॉलीवुड फिल्म जय हिंद जय सिंध - ए लव स्टोरी भारत के विभाजन की पृष्ठभूमि पर आधारित एक इमोशनल कहानी है। फिल्म का निर्देशन इंद्रजीत लंकेश ने किया है और इसके प्रोड्यूसर सैमी ननवानी हैं। फिल्म को लेकर प्रोड्यूसर सैमी ननवानी और एक्टर विक्रम कोचर ने बातचीत की। प्रोड्यूसर सैमी ननवानी ने पीएम मोदी को फिल्म दिखाने की इच्छा जाहिर की। बातचीत में प्रोड्यूसर सैमी ननवानी से पूछा गया कि क्या फिल्म में सिंध से आए लोगों के पलायन और उनके योगदान को भी दिखाया जाएगा। इस पर उन्होंने कहा कि सिंध इस फिल्म का एक हिस्सा है, लेकिन पूरी कहानी उससे कहीं बड़ी है। उनके मुताबिक फिल्म भारत की विविधता और एकता को दिखाती है। अलग तरह का खाना खाते हैं और अलग दिखते हैं, फिर भी दिल से एक हैं और साथ रहते हैं। सैमी ने कहा कि जैसे हॉलीवुड फिल्मों ने अमेरिका को दुनिया में पहचान दिलाई, वैसे ही यह फिल्म भारत की छवि को आगे बढ़ाने का काम करेगी।

# अरिजीत सिंह गुरुद्वारे में कीर्तन गाया करते थे

## सिंगर के पिता ने बताया कि लाहौर से उनका सिख परिवार बंगाल में कैसे बस गया?



**मुबंई।** सिंगर अरिजीत सिंह के पिता सुरिंदर सिंह ने हाल ही में बताया कि विभाजन के बाद उनका सिख परिवार लाहौर से पश्चिम बंगाल के जियागंज आकर बस गया। उन्होंने यह भी कहा कि अरिजीत बचपन में गुरुद्वारे में कीर्तन गाते थे। द टेलीग्राफ इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में उनके पिता सुरिंदर सिंह ने परिवार की पुरानी कहानी बताई। उन्होंने बताया कि उनका पैतृक घर लाहौर के पास था। देश के बंटवारे के बाद उनके पिता और तीनों भाई पश्चिम बंगाल के मुर्शिदाबाद जिले के ललगोला आ गए थे। उन्होंने कहा, "हमारा पैतृक घर लाहौर के पास था। बंटवारे के बाद मेरे पिता और उनके तीन भाई ललगोला आ गए।" बंटवारे के समय कई परिवारों की तरह उन्हें भी सब कुछ छोड़कर नई जगह से शुरुआत करनी पड़ी। वे कपड़े का कारोबार करते थे। बाद में परिवार मुर्शिदाबाद जिले के छोटे से शहर जियागंज आकर बस गया। सुरिंदर सिंह ने कहा, "वे कपड़े के व्यापारी थे।



# विजय-रश्मिका का 4 मार्च को हैदराबाद में होगा ग्रैंड रिसेप्शन

## कई सेलेब्स होंगे शामिल, बिना वैलिड कार्ड नहीं मिलेगी एंट्री

**मुबंई।** विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना ने हाल ही में परिवार और करीबी लोगों के बीच शादी की। अब यह कपल 4 मार्च को हैदराबाद में ग्रैंड रिसेप्शन देने जा रहा है। रविवार को जारी एक ऑफिशियल अनाउंसमेंट लेटर में विजय और रश्मिका ने बताया कि वेडिंग रिसेप्शन सिर्फ इनविटेशन वाला इवेंट रहेगा। इस सेलिब्रेशन को सोच-समझकर एक खास गैदरिंग के तौर पर क्यूरेट किया गया है, जिसमें तेलुगु, हिंदी, तमिल, मलयालम और कन्नड़ फिल्म इंडस्ट्री के सदस्यों के साथ-साथ पॉलिटिकल और एडमिनिस्ट्रेटिव सर्कल के कुछ खास मेहमानों का स्वागत किया जाएगा।



***"बता दें कि विजय देवरकोंडा और रश्मिका मंदाना 26 फरवरी को राजस्थान के उदयपुर में शादी के बंधन में बंध गए। दोनों की शादी एक प्राइवेट सेरेमनी में आईटीसी ममेंटोस रिसॉर्ट में हुई। सुबह तेलुगु रीति-रिवाजों से विवाह हुआ, जबकि शाम को रश्मिका की कोडवा परंपरा के अनुसार रस्में निभाई गईं।"***

### हाई-प्रोफाइल गेस्ट्स के कारण सुरक्षा कड़ी

चूंकि रिसेप्शन में फिल्म इंडस्ट्री से लेकर अन्य क्षेत्रों की हाई-प्रोफाइल पर्सनैलिटीज आने वाली हैं, इसलिए लोकल अधिकारियों से बातचीत के बाद कपल ने सुरक्षा के अतिरिक्त इंतजाम किए हैं। उन्होंने कन्फर्म किया कि गेस्ट लिस्ट को और सीमित कर दिया गया है और वेन्यू में एंट्री सिर्फ उन्हीं मेहमानों को मिलेगी जिनके पास वैलिड ऑफिशियल इनविटेशन होगा, ताकि भीड़भाड़ न हो और व्यवस्था बनी रहे।

### फैंस का दिल से शुक्रिया अदा किया

विजय और रश्मिका ने फैंस और सपोर्टर्स से मिले जबरदस्त प्यार के लिए दिल से शुक्रिया कहा। उन्होंने कहा, "आपकी सेफ्टी और खुशी हमारे लिए सबसे अहम है। आपके प्यार और सपोर्ट के लिए हम बेहद आभारी हैं। हम चाहते हैं कि आप हमारा साथ दें।

## तालिबान के मंत्री बोले- हमने डूरंड लाइन पार की, पाक का दावा- 400 अफगान लड़ाके मारे

# अफगानिस्तान का पाकिस्तान के नूरखान एयरबेस पर हमला





■ पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा में लड़ाई के दौरान एक मस्जिद क्षतिग्रस्त हो गई।
■ पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा के एक अस्पताल में 27 फरवरी को एक घायल लड़की का इलाज करते डॉक्टर।

**गोलीबारी**

काबुल, एजेंसी

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच सीमा पर बीते चार दिनों से लगातार हवाई हमले और गोलीबारी जारी है। तालिबान सरकार का कहना है कि हमने पाकिस्तान के बेहद संवेदनशील नूर खान एयरबेस पर हमला किया है। यह एयरबेस रावलपिंडी में है। इसके साथ ही तालिबान के एक मंत्री ने दावा किया कि उनके लड़ाके डूरंड लाइन पार कर पाकिस्तान की जमीन में घुस चुके हैं। तालिबान के मुताबिक, क्वेटा और खैबर पख्तूनख्वा के कुछ सैन्य ठिकानों पर भी हमले किए गए हैं। ये कार्रवाई पाकिस्तान की ओर से काबुल, बगराम और अन्य इलाकों में किए गए हवाई हमलों के जवाब में की गई। दूसरी तरफ पाकिस्तान सरकार ने दावा किया है कि अब तक 400 से ज्यादा अफगान लड़ाके मारे जा चुके हैं और सैकड़ों घायल हुए हैं। पाकिस्तान और अफगानिस्तान में संघर्ष की शुरुआत 22 फरवरी को हुई थी। पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में एयरस्ट्राइक की थी।

### पाकिस्तान ने अफगानिस्तान में 415 तालिबान लड़ाके मारे

पाकिस्तान ने अफगानिस्तान के खिलाफ हमले को 'गजब लिल हक' ऑपरेशन नाम दिया है और काबुल समेत कई प्रांतों में हमले किए। 'गजब लिल हक' का मतलब है, अपने हक के लिए खड़े होना।

### पाकिस्तान की संसद में निंदा प्रस्ताव पास

पाकिस्तान की सीनेट ने अफगानिस्तान के खिलाफ निंदा प्रस्ताव पारित किया। विदेश मंत्रालय ने कहा कि आगे किसी भी उकसावे पर कड़ा और निर्णायक जवाब दिया जाएगा। प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने सेना मुख्यालय का दौरा कर जीरो टॉलरेंस की नीति दोहराई।

### 185 टैंक और सैन्य वाहन तबाह किए गए

पाकिस्तानी वायुसेना ने दावा किया है कि उसने नंगरहार और कंधार में तालिबान के सैन्य मुख्यालयों को निशाना बनाया। वहीं तालिबान का कहना है कि उसके सिर्फ 8 से 13 लड़ाके मारे गए और कुछ घायल हुए हैं। उसने दावा किया कि 55 पाकिस्तानी सैनिक मारे गए और दो सैन्य मुख्यालयों समेत कई चौकियों पर कब्जा किया गया। तालिबान ने चेतावनी दी है कि अगर पाकिस्तान ने आगे हमला किया तो और कड़ा जवाब दिया जाएगा।

**दोनों देशों के बीच पहले भी हुआ है तनाव**

अफगानिस्तान और पाकिस्तान के बीच डूरंड लाइन को लेकर लंबे समय से विवाद है। दोनों देश एक-दूसरे पर हमले और 2021 में अफगानिस्तान हुकूमत पर तालिबान के कंट्रोल के बाद से तनाव और बढ़ गया है।

## विदेशी निवेशकों की भारतीय बाजार में जोरदार वापसी

### फरवरी में 22,615 करोड़ का निवेश, 17 महीने का रिकॉर्ड

मुंबई एजेंसी



,रवरी महीने में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों (FPIs) ने भारतीय शेयर बाजार में जबरदस्त वापसी की है। डिपॉजिटरी के आंकड़ों के मुताबिक, इस महीने विदेशी निवेशकों ने 22,615 करोड़ के शेयर खरीदे। यह पिछले 17 महीनों में विदेशी निवेश का सबसे ऊंचा स्तर है। इससे पहले सितंबर 2024 में FPIs ने 57,724 करोड़ का निवेश किया था। बाजार जानकारों का मानना है कि भारत और अमेरिका के बीच हुई अंतरिम ट्रेड डील, शेयरों की कीमतों में सुधार और कंपनियों के तीसरी तिमाही (Q3) के शानदार नतीजों ने निवेशकों का भरोसा लौटाया है। साल 2026 की शुरुआत विदेशी निवेशकों के लिए काफी खराब रही थी। फरवरी में हुई इस खरीदारी से पहले लगातार तीन महीनों तक FPIs ने बाजार से पैसा निकाला था। विशेषज्ञों का मानना है कि विदेशी निवेशकों की यह वापसी भारतीय अर्थव्यवस्था की मजबूती और स्थिरता का संकेत है। वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती प्रमुख अर्थव्यवस्थाओं में से एक बना हुआ है। बाजार विश्लेषकों का कहना है कि यदि आर्थिक संकेतक सकारात्मक बने रहते हैं और वैश्विक परिस्थितियां स्थिर रहती हैं, तो आने वाले महीनों में विदेशी निवेश में और बढ़ोतरी देखने को मिल सकती है।

## ईरान-इजराइल जंग, बठिंडा की प्रिंसिपल दुबई में फंसी

बठिंडा। US-इजराइल और ईरान जंग से मिडिल ईस्ट में हालात बिगड़ने लगे हैं, जिसका असर अब पंजाब के लोगों पर भी दिख रहा है। एयरस्पेस बंद होने से संयुक्त अरब अमीरात (UAE) में दुबई के शारजाह इंटरनेशनल एयरपोर्ट पर कई पंजाबी यात्री फंस गए हैं। बठिंडा की प्रिंसिपल नीरू गर्ग ने एयरपोर्ट से वीडियो जारी कर बताया कि उनके पास बीपी और शुगर जैसी जरूरी दवाइयां खत्म हो चुकी हैं। और हालात लगातार मुश्किल होते जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि उन्होंने भारत सरकार से मदद की अपील की थी, लेकिन अभी तक कोई ठोस प्रबंध नहीं हुआ।

नीरू ने बताया कि रात करीब 10 बजे उन्हें एयरपोर्ट से बाहर जाने को कहा गया, लेकिन कोई स्पष्ट दिशा-निर्देश नहीं दिए गए। उन्हें इंडिगो से भी शिकायत है, क्योंकि एयरलाइन ने बाहर अधिकारियों के मिलने की बात कही थी, लेकिन वहां कोई मौजूद नहीं था। काफी देर इंतजार के बाद उन्होंने होटल तलाश किया, पर सभी होटल भरे हुए थे।

## पाकिस्तान शेयर बाजार में भूचाल, केएसई-30 इंडेक्स 9.73% टूटा

### लोअर सर्किट लगने से 45 मिनट बंद रही ट्रेडिंग

इस्लामाबाद, एजेंसी



पाकिस्तान के शेयर बाजार में आज यानी 2 मार्च को बड़ी गिरावट रही। KSE-30 इंडेक्स 4,996 अंक (9.73%) गिरकर 46,326 पर बंद हुआ। इससे पहले भारी बिकवाली के चलते मार्केट में 45 मिनट के लिए ट्रेडिंग रोकनी पड़ी यानी लोअर सर्किट लग गया था। मिडिल ईस्ट में बढ़ते तनाव और पड़ोसी देश अफगानिस्तान के साथ जारी विवाद का सीधा असर निवेशकों के सेंटीमेंट पर पड़ा है। बाजार में इस गिरावट की मुख्य वजह मिडिल ईस्ट में बढ़ता युद्ध का खतरा है। ईरान पर अमेरिका और इजरायल के हमलों के बाद पाकिस्तान में ईरान के समर्थन में बड़े पैमाने पर विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए हैं। रविवार को कराची में प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी दूतावास में घुसने की कोशिश की, जिसके बाद पुलिस के साथ हुई झड़प में कम से कम 10 लोगों की मौत हो गई। देश के बिगड़ते हालातों ने निवेशकों को डरा दिया है मिडिल ईस्ट के अलावा पाकिस्तान के अपने पड़ोसी देश अफगानिस्तान के साथ भी रिश्ते बिगड़ रहे हैं। सीमा पर बढ़ते तनाव के कारण देश की अर्थव्यवस्था और बाजार पर दबाव बढ़ गया है। जानकारों का कहना है कि जब तक राजनीतिक और अंतर-राष्ट्रीय मोर्चे पर शांति नहीं होती, बाजार में अनिश्चितता बनी रहेगी। पाकिस्तान ही नहीं, आज वैश्विक बाजारों में भी बिकवाली देखने को मिली। एशियाई बाजारों में औसतन 1.3% की गिरावट रही।

# पाकिस्तान में ऐतिहासिक गुरुद्वारा बेचा

### पाक अफसर ने ली ₹1 करोड़ रिश्वत, गिराने की परमिशन दी, खरीदार 2 पत्नियों के लिए बुटीक बनवा रहा

लुधियाना, एजेंसी




पाकिस्तान में सिखों व हिंदुओं के धार्मिक स्थलों को लगातार नुकसान पहुंचाया जा रहा है। हाल ही में पाकिस्तान के एबटाबाद शहर से गुरुद्वारा साहिब की इमारत गिराने और जमीन बेचने का मामला सामने आया है। खालसा वोक्स की रिपोर्ट के अनुसार, पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत के एबटाबाद में ऐतिहासिक गुरुद्वारे को इवैक्यूई ट्रस्ट प्रॉपर्टी बोर्ड (ETPB) के एक अधिकारी ने एक करोड़ पाकिस्तानी रुपए की रिश्वत लेकर बेच दिया है। यही नहीं, अधिकारी ने गुरुद्वारा साहिब को गिराने की अनुमति भी दे दी। अब इसका खरीदार यहां अपनी पत्नियों के लिए बुटीक बनवा रहा है। बता दें कि पाकिस्तान में ETPB अल्पसंख्यक समुदायों के गुरुद्वारों, मंदिरों और अन्य पूजा स्थलों के रखरखाव के लिए जिम्मेदार संस्था है। पाकिस्तान में जितने भी अल्पसंख्यक समुदाय हैं, उनके धार्मिक स्थलों की देखरेख करने के लिए इस बोर्ड का गठन किया गया था। पाकिस्तान में रहने वाले सिखों का कहना है कि ETPB ने गुरुद्वारा परिसर में बनी दुकानों का किराया सालों से वसूला, लेकिन गुरुद्वारा साहिब की मरम्मत नहीं की गई। आज भी एबटाबाद में उस मार्केट का नाम गुरुद्वारा मार्केट और गुरुद्वारा गली है।

### गुरुद्वारा साहिब के गेट पर गुरुमुखी में लिखा

एबटाबाद के जिस गुरुद्वारा साहिब को बेचने का दावा किया गया है, उसके मुख्य प्रवेश द्वार पर आज भी गुरुमुखी में 'गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा' अंकित है, और दीवान हॉल के बाहर 'सचखंडि वसै निरंकार' शब्द स्पष्ट रूप से लिखे गए हैं। इसके बावजूद, संपत्ति अब कथित तौर पर उस व्यक्ति के नियंत्रण में आ गई है जिसने इसे खरीदा है।

### जमीन खरीदार ने दो पत्नियों के नाम करवाई

गुरुद्वारा सिंह सभा की जमीन खरीदने वाले का नाम वाहिद बाला बताया जा रहा है, जिसने यह जमीन अपनी दो पत्नियों रिदा जादून और आयशा वाहिद के नाम पर करवा दी है। अब वे जल्दी ही यहां पर अपना बुटीक खोलने वाली हैं। पाकिस्तान में रहने वाले सिखों ने गुरुद्वारा साहिब को बेचने और उसे गिराने की अनुमति देने वाले ETPB अधिकारी को तत्काल बर्खास्त करने की मांग की है। उन्होंने गुरुद्वारा साहिब की इमारत को बचाने की मांग भी सरकार से की है।



### गुरुद्वारा साहिब को बुटीक बनाने की अनुमति दी

मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार, अटोक जिले के हसन अब्दाल स्थित ETPB प्रशासक ने सिख शासन के दौरान बने गुरुद्वारा श्री गुरु सिंह सभा, एबटाबाद का कब्जा वाहिद बाला नाम के एक स्थानीय निवासी को सौंप दिया। अधिकारी ने कथित तौर पर गुरुद्वारे को गिराने और उसके स्थान पर कपड़ों का बुटीक बनाने की अनुमति भी दे दी।







### इस महीने 18 दिन बैंकों में काम नहीं होगा

नई दिल्ली। इस महीने यानी मार्च में देश के अलग-अलग राज्यों में कुल 18 दिन बैंकों में कामकाज नहीं होगा। RBI की ओर से जारी कैलेंडर के अनुसार, अगले महीने 5 रविवार और दूसरे-चौथे शनिवार के अलावा 11 दिन अलग-अलग जगहों पर बैंक बंद रहेंगे। इस महीने 3 मार्च को देश के ज्यादातर राज्यों में बैंक बंद रहेंगे। ऐसे में अगर आपको अगले महीने बैंक से जुड़ा कोई जरूरी काम हो तो इन छुट्टियों को ध्यान में रखना होगा।

### एबेल ने लिखा - बफे की विरासत संभालना सबसे कठिन

न्यू यॉर्क। निवेश की दुनिया के 'ओरेकल' वॉरेन बफे की कुर्सी संभालना कांटों भरे ताज से कम नहीं है। बर्कशायर हैथवे की चौथी तिमाही के नतीजे निराशाजनक रहे। ऑपरेटिंग अर्निंग्स 14.56 अरब डॉलर से गिरकर 10.2 अरब डॉलर पर आ गई। यानी करीब 29% की गिरावट। इंश्योरेंस कारोबार सबसे बड़ा दर्द बना।

**तमसा संकेत**
tamsa.news@gmail.com

स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक विद्यादेवी द्वारा कृष्णा डाइनेस्टी प्रिंटिंग प्रेस म0 न0 195 सेक्टर 6-बी, वृन्दावन योजना, रायबरेली रोड लखनऊ- 226 029 (उ0प्र0) से मुद्रित कराकर तमसा संकेत भवन शहजादपुर, अकबरपुर जनपद अम्बेडकरनगर (उत्तर प्रदेश) (पिन कोड-224122) से प्रकाशित

सम्पादक : विद्यादेवी

समस्त विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा

समाचार पत्र में प्रकाशित लेख, राजनीतिक विश्लेषण, लेखकों के अपने विचार हैं। सम्पादक का इन विचारों से सहमत होना आवश्यक नहीं है।
मो0- 9415799533
R.N.I. NO. 64107/96